PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

दैनिक

# भीम प्रज्ञा

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-100 | झुंझुनू (राजस्थान) | मंगलवार, 3 मार्च, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'रिश्तों की मिठास शब्दों से नहीं, व्यवहार से बनी रहती है; इसलिए बोलने से पहले सोचें और निभाने से पहले समझें।'

**अवकाश की सूचना**

रंगों के त्योहार होली की सभी पाठको व विज्ञापनदाताओं को हार्दिक शुभकामनाएं इस अवसर पर कार्यालय में होली के पर्व पर 3 मार्च व 4 मार्च 2026 को अवकाश रहेगा अतः अगला अंक शुक्रवार 6 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा

संपादक

## जयपुर में ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल का समापन: स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और वित्तीय सुरक्षा का संदेश दिया

भीम प्रज्ञा न्यूज

**जयपुर ।** स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और वित्तीय सुरक्षा के व्यापक संदेश के साथ ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल का सफल समापन हुआ। जस्ट हेल्थ एंड वेलनेस एवं गौमाया के संयुक्त तत्वावधान में इसका आयोजन किया गया। समापन अवसर पर संस्थापक हिम्मत सिंह नाथावत ने 6 और 7 फरवरी 2027 को पुनः मिलने का संदेश देते हुए स्वस्थ और सुरक्षित समाज के निर्माण का संकल्प दोहराया। गौमाया के संस्थापक डॉ. सीताराम गुप्ता ने बताया कि दोनों दिनों में कुल सात विश्व रिकॉर्ड बनाए गए, जिनमें पांच पहले दिन और दो दूसरे दिन दर्ज हुए।




महिला जागरूकता सत्र 'शक्ति संवाद' में बॉलीवुड अभिनेत्री सुधा चंद्रन सहित विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट महिलाओं ने महिलाओं के स्वास्थ्य, निवारक देखभाल, वित्तीय स्वतंत्रता और संतुलित जीवनशैली पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन एंकर प्रीति सक्सेना ने किया। इस सत्र में 1000 से अधिक महिलाओं की सहभागिता दर्ज की गई, जिसके साथ सातवां विश्व रिकॉर्ड भी बनाया गया। इंश्योर इंडिया कॉन्क्लेव के दौरान स्वास्थ्य और बीमा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने अस्पताल-बीमा सहयोग, शल्य चिकित्सा बीमा में प्रगति, स्वास्थ्य सेवाओं में रोबोटिक तकनीक की भूमिका तथा कैंसर सुरक्षा पॉलिसियों जैसे विषयों पर विचार साझा किए। एक ही छत के नीचे 3000 से अधिक बीमा सलाहकारों की सहभागिता के साथ छठा विश्व रिकॉर्ड बनाया गया, जहां भारत के प्रत्येक नागरिक को बीमा सुरक्षा से जोड़ने का संकल्प लिया गया।

*हरियाणा का बजट 2026-27*

## 2.28 लाख करोड़ का प्रावधान, फतेहाबाद को जेल और खेल स्टेडियम की सौगात

भीम प्रज्ञा न्यूज.चंडीगढ़।

**विजय रंगा, ब्यूरो चीफ ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 2,28,658.17 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। केसरिया पगड़ी में सदन पहुंचे मुख्यमंत्री ने गुरु नानक देव जी के 'किरत करो, नाम जपो, वंड छको' के सिद्धांत के साथ अपने बजट भाषण की शुरुआत की। इस बजट में सुरक्षा, कृषि, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के कौशल विकास और बुनियादी ढांचे पर विशेष जोर दिया गया है। फतेहाबाद को नई जेल और खेल स्टेडियम की सौगात दी गई है। मुख्यमंत्री ने पुलिस भर्ती में अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव रखा। अगले वर्ष 1300 अग्निवीरों की विशेष भर्ती की जाएगी। दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का दायरा बढ़ाते हुए 25 सितंबर 2026 से उन परिवारों को भी शामिल किया जाएगा जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है।




सीएम सैनी ने बताया कि हरियाणा की आर्थिक स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। वर्ष 2024-25 के त्वरित अनुमान के अनुसार प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 3,58,171 रुपये तक पहुंच गई है, जो प्रमुख राज्यों में सबसे अधिक है। प्रदेश में किसानों के लिए 'एग्री डिस्कॉम' नाम से नया बिजली निगम बनाया जाएगा, जिसके माध्यम से ट्यूबवेल कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे। नवनिर्मित जिला हांसी को आधुनिक सुविधाओं से युक्त मॉडल जिले के रूप में विकसित किया जाएगा। एआई मिशन के तहत एक लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए चार विभागों से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। हर 'स्वस्थ नारी योजना' के अंतर्गत प्रत्येक जिले में नारी क्लीनिक स्थापित किए जाएंगे। प्रदेश में 2000 नए बीटा बूथ खोले जाएंगे। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए विश्व बैंक की सहायता से एयर क्लीन प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। वर्ष 2031 तक सभी जिलों में 2716 करोड़ रुपये की लागत से इस परियोजना पर कार्य होगा। ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी लागू की जाएगी तथा 2.2 लाख घरों की छतों पर रूफटॉप सोलर लगाने का प्रस्ताव है, जिससे सौर ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। महाग्राम योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में 150 किलोमीटर लंबी सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी। वाटर सिक्योर योजना के अंतर्गत 116 नहरों पर कार्य किया जाएगा और इसके लिए विश्व बैंक से अक्टूबर तक स्वीकृति मिलने की संभावना है।

औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम वर्ष 2026-27 में औद्योगिक प्लॉटों के लिए 'लैंड ऑन लीज' नीति लागू करेगा। 10 नए आईएमटी विकसित करने के लिए ई-भूमि पोर्टल पर किसानों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। महिलाओं को वाहन खरीद में प्रोत्साहन देते हुए मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि यदि कोई महिला अपने नाम से वाहन खरीदती है तो उसे कर में 1 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इलेक्ट्रिक वाहनों पर वर्तमान 20 प्रतिशत कर छूट को और बढ़ाने का भी प्रस्ताव है, ताकि ई-वाहनों को बढ़ावा मिल सके।हरियाणा सरकार का यह बजट सुरक्षा, सतत विकास, महिला सशक्तिकरण और औद्योगिक विस्तार को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है।

## होली पर शराब-पीकर गाड़ी चलाई तो लाइसेंस होगा निरस्त

भीम प्रज्ञा न्यूज

**जयपुर ।** होली पर संभावित आतंकी गतिविधियों के बारे में खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के बाद पूरे देश में जारी अलर्ट के बारे में बताता है। यह विशेष रूप से राजस्थान में सुरक्षा उपायों को कड़ा करने और जयपुर में पुलिस द्वारा की जा रही अतिरिक्त निगरानी पर केंद्रित है। पाठ में शांति समितियों के साथ बैठकों, आदतन अपराधियों की निगरानी और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती का भी उल्लेख है। डीसीपी नॉर्थ करण शर्मा ने बताया- होली के दौरान शराब पीकर उत्पात, पर्यटकों से छेड़छाड़ और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वरिष्ठ अधिकारी लगातार गश्त कर स्थिति पर नजर रख रहे हैं।

## सऊदी अरब में अमेरिकी दूतावास पर ईरान का ड्रोन अटैक: *ट्रम्प ने अमेरिकियों को मिडिल ईस्ट छोड़ने को कहा*

भीम प्रज्ञा न्यूज

**तेल अवीव/तेहरान ।** इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जंग का आज चौथा दिन है। इस बीच ईरान से आए दो ड्रोनों ने सऊदी अरब के रियाद में अमेरिकी दूतावास पर हमला किया। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकियों से मिडिल ईस्ट से जल्द-जल्द से निकलने को कहा है। ट्रम्प ने कहा है कि ईरान पर अभी सबसे बड़ा हमला बाकी हैं। उन्होंने सोमवार को व्हाइट हाउस में दिए




बयान में कहा कि ईरान से जंग 4-5 हफ्ते चल सकती है, लेकिन जरूरत पड़ने पर इससे ज्यादा समय तक भी अभियान जारी रहेगा। ट्रम्प के मुताबिक अमेरिकी सेना अभी ईरान में बड़े स्तर पर सैन्य कार्रवाई कर रही है। अमेरिका के पास दुनिया की सबसे बड़ी सेना है और उसका इस्तेमाल किया जा रहा है। ट्रम्प ने कहा है कि ईरान ने परमाणु कार्यक्रम दोबारा शुरू न करने की अमेरिकी चेतावनी को नजरअंदाज किया। उन्होंने कहा कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम खतरा बन रहा था। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के 2 दिन बाद उनकी पत्नी मंसूरेह खोझस्तेह बघेरजादेह का भी निधन हो गया है। मंसूरेह दो दिन पहले अमेरिका और इजराइल के हमले में घायल हुई थीं। इसी हमले में खामेनेई मारे गए थे।






# होली में मस्ती करते बच्चों के साथ माता-पिता रखें इन खास बातों का ध्यान

**होली पर बच्चों को कैमिकल वाले रंगों से दूर रखें, आंखों और त्वचा की सुरक्षा करें, बालों में तेल लगाएं, फिसलन से बचाएं और साफ-सफाई का ध्यान रखें ताकि होली सुरक्षित रहे.**

होली रंगों का त्योहार है और बच्चों के लिए तो यह साल का सबसे मजेदार दिन होता है. लेकिन खेल-खेल में कई बार नज़रअंदाज़ की गई छोटी-छोटी बातें दुर्घटना, स्किन रिएक्शन या चोट का कारण बन सकती हैं. इसलिए बच्चों को होली खेलने से पहले और खेलते समय कुछ सावधानियाँ ज़रूर बतानी और अपनानी चाहिए.

1. कैमिकल वाले रंगों से दूर रखे
बाजार में मिलने वाले कई रंगों में कैमिकल, ग्लास पाउडर या सिंथेटिक डाई होती है, जो बच्चों की त्वचा को नुकसान पहुंचाती है.
बच्चों को नेचुरल/ऑर्गेनिक रंग दें.
घर पर हल्दी, चावल का आटा, पालक या चुकंदर से बने रंग भी इस्तेमाल किए जा सकते हैं.

2. आंखों की सुरक्षा बेहद जरूरी
बच्चों की आंखें बहुत संवेदनशील होती हैं.
उन्हें समझाएं कि चेहरे और आंखों पर रंग न फेंकें.
चाहें तो बच्चों को सनग्लासेस पहनाकर भेजें.
अगर रंग आंख में चला जाए, तो तुरंत साफ पानी से धोएं, रगड़ने न दें.

3. त्वचा को सुरक्षित बनाएं
रंग खेलने से पहले बच्चे के चेहरे, हाथ-पैर और गर्दन पर तेल, नारियल तेल या मॉइश्चराइज़र अच्छे से लगा दें.
इससे रंग आसानी से नहीं चिपकता और बाद में हटाते समय त्वचा नहीं छिलती.

4. बालों की सुरक्षा
बच्चों के बालों में रंग चिपक जाता है और बाद में रूखापन पैदा करता है.
खेलने से पहले बालों में तेल अच्छे से लगा दें.
हो सके तो टोपी या कैप पहनाएं.

5. पानी की फिसलन से बचाएं
होली में पानी का इस्तेमाल आम है, लेकिन फर्श गीला होने से बच्चे फिसल सकते हैं.
उन्हें दौड़ने या छत पर खेलने से मना करें.
पिचकारी से खेलने दें लेकिन बहुत पास से पानी न मारें.

6. चेहरे पर जबरदस्ती रंग न लगाया जाए
कई बार बच्चे एक-दूसरे के चेहरे पर ज़ोर से रंग लगाते हैं, जिससे जलन, खरोंच या डर लग सकता है.
बच्चों को सिखाएं कि होली जबरदस्ती नहीं, मन से खेले जाती है.

7. कान, नाक और मुंह में रंग न जाए
बच्चों को बार-बार याद दिलाएं कि नाक या मुंह में रंग न जाने दें
पिचकारी का पानी सीधे चेहरे पर न चलाएं

8. साफ-सफाई का ध्यान रखें
होली के बाद बच्चे को गुनगुने पानी से स्नान कराएं.
स्क्रबर से जोर न लगाएं, इससे त्वचा छिल सकती है.
फेसवॉश या माइल्ड साबुन से हल्का मसाज करें.

9. छोटे बच्चों की खास निगरानी करें
2-5 साल के बच्चे रंगों से डर सकते हैं, इसलिए उन्हें बड़े बच्चों से दूर रखें और माता-पिता उनकी निगरानी करें.

सही तैयारी + हल्के रंग + सुरक्षा नियम = बच्चों की सुरक्षित और आनंदमय होली.

थोड़ी सतर्कता रखने से बच्चे बिना किसी नुकसान के रंगों की इस खूबसूरत त्योहार का पूरा मज़ा ले सकते हैं.



# होलिका दहन क्यों मनाया जाता है? होलिका और भक्त प्रह्लाद से जुड़ी है होली की कथा

होलिका दहन का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। ऋषिकेश पंचांग के अनुसार, होलिका दहन 2 मार्च को मनाया जाएगा। पुराणों में इस पर्व से जुड़ी एक कथा बताई गई है जो हिरण्यकश्यप की बहन होलिका और विष्णु भगवान के भक्त प्रह्लाद से संबंधित है। होलिका को न जलने का वरदान होने के बावजूद वह इस दिन भस्म हो गई और भक्त प्रह्लाद सुरक्षित बाहर निकल आए। जानें क्या है यह पूरी कथा।

फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि पर होलिका दहन का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। जो हमें अपने मन के भय को दूर करके आंतरिक परिवर्तन के लिए प्रेरित करने वाला है। ऋषिकेश पंचांग की गणना के अनुसार, इस साल होलिका दहन 2 मार्च, सोमवार के दिन मनाया जाएगा। पुराणों के अनुसार, इसी दिन हिरण्यकश्यप की बहन होलिका विष्णुजी के भक्त प्रह्लाद को अपनी गोद में लेकर जलती हुई चिता पर बैठी थी। लेकिन कुछ ऐसा संयोग बना जिससे होलिका और हिरण्यकश्यप की योजना सफल नहीं हो सकी। आइए विस्तार से जानते हैं होलिका दहन की कथा।

## होलिका और भक्त प्रह्लाद की कथा

पौराणिक कथाओं और मान्यताओं के अनुसार, प्राचीन काल में एक हिरण्यकश्यप नामक शक्तिशाली असुर था। जिसने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से एक विशेष वरदान प्राप्त किया था कि न उसे कोई मनुष्य मार सके, न कोई पशु, न अंदर मारा जा सके, न बाहर, न दिन में मारा जा सके, न रात में और किसी अस्त्र शस्त्र से भी उसकी मृत्यु न हो सके। ऐसा वरदान मिलने के कारण उसने अहंकार में खुद को ईश्वर बताना शुरू कर दिया और अपने राज्य में किसी भी व्यक्ति को भगवान विष्णु की पूजा करने से मना कर दिया।

## भगवान विष्णु का परम भक्त था प्रह्लाद

हिरण्यकश्यप का एक प्रह्लाद नामक पुत्र था जो बचपन से भी भगवान विष्णु की भक्ति करता था और उनका परम भक्त बन गया। प्रह्लाद हमेशा विष्णुजी का स्मरण करता रहता था और उसके मुख भी पर केवल प्रभु का नाम था। हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को विष्णुजी की भक्ति से दूर रखने के लिए कई बार प्रयत्न किए। लेकिन फिर भी असुर कुल में जन्म लेने के बाद भी प्रह्लाद ने कभी भी भगवान श्रीविष्णु की भक्ति करना नहीं छोड़ा। महर्षि व्यास रचित, विष्णु पुराण में बताया गया है कि, हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को विषैले सांपों के पास छोड़ा, हाथियों के पैरों के नीचे डाला, ऊंचे पर्वत से नीचे गिरवाया और गहरे समुद्र तक में भी डुबोया। लेकिन भगवान विष्णु ने अपने भक्त को हर मुश्किल परिस्थिति से बाहर निकाल दिया।

## होलिका भक्त प्रह्लाद को लेकर अग्नि में बैठीं

सभी प्रयास नाकाम होने के पश्चात हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका को बुलाया जिसे अग्नि में कभी न जलने का वरदान प्राप्त था। उसे प्रह्लाद को अपनी गोद में लेकर चिता पर बैठने को कहा गया और होलिका ने ठीक ऐसा ही किया। वह भक्त प्रह्लाद को अपनी गोद में बिठाकर अग्नि में बैठ गई। लेकिन उस समय भी प्रह्लाद जरा भी न डरा और मन में केवल श्रीहरी का स्मरण करता रहा है। ऐसे में अपने वरदान को गलत तरीके से प्रयोग करने के कारण होलिका उसी अग्नि में जलकर भस्म हो गई। ब्रह्माजी के प्राप्त अग्नि से रक्षा करने वाला चादर उड़कर प्रह्लाद के ऊपर आ गया। ऐसे में होलिका जल गई और भगवान विष्णु की कृपा से उनका भक्त प्रह्लाद सुरक्षित अग्नि से बाहर निकल आया। इसी दिन को याद करते हुए होलिका दहन का त्योहार मनाया जाता है और इसे बुराई पर अच्छाई की जीत का दिन माना गया। इस घटने के बाद प्रभु भक्तों में भगवान का आभार प्रकट किया और होलिका की चिता के राख और रंगों से रंगोत्सव मनाया। इसलिए होलिका दहन के अगले दिन रंगोत्सव का त्योहार मनाया जाता है।




# होली में खूब रंग खेले मगर सेहत को ध्यान में रखकर

रंगों के त्योहार होली की बहार है। हर तरफ उल्लास का वातावरण है। बाजारें, रंगों, गुलाल एवं खाने-पीने की चीजों से सज गया है। होली में खूब रंग खेले, खूब गुलाल उडाएँ परन्तु बाजार में सजे केमिकल वाले रंगो से बचे क्योकि यह रंग आपकी होली की बेरंग कर सकते है। इसीलिए कुछ सावधानियाँ अपनाकर होली मनाए जिससे होली का रंग बेरंग ना हो और होली की खुशियाँ बरकरार रहे।

होली में हर व्यक्ति एक-दूसरे को रंग लगाकर अपनी आत्मीयता का इज्हार करता है परन्तु उसे यह नहीं मालूम कि जो रंग वह लगा रहा है वह रसायनिक रंग है जिससे त्वचा को नुकसान पहुँच सकता है, श्वास एवं एल्र्जी की बीमारी हो सकती है। बाजार में बिकने वाले हरे रंग में तांबा, काले रंग में नाइट्रेट ऑक्साइड, परपिल रंग क्रोमाइड, सिल्वर कलर में एल्युमिनियम ब्रोमाइड, लाल रंग मारकरी सल्फेट रसायनों से बनता है। यह सभी रसायनिक रंग त्वचा पर जलन खुजली, दाने, एलर्जी, श्वास की तकलीफ उत्पन्न कर सकते है जो आपकी होली को बदरंग कर सकते है इसलिए रंग खेलने में प्राकृतिक रंगों का प्रयोग ही करना चाहिए।

होली में गुलाल भी खूब उड़ाया जाता है। बाजार में मिल रहे गुलाल में अवरक का इस्तेमाल होता है। इसमें बालू तथा अन्य रसायन पड़ें रहते है। इससे दमा का प्रकोप हो सकता है। इससे त्वचा में जलन, खुजली की समस्या हो सकती है। त्वचा खुरदरी हो सकती है इसलिए हर्बल गुलाल का प्रयोग करना चाहिए रंग के स्थान पर पेंट, तारकोल, कीचड़ आदि का प्रयोग बिल्कुल न करे इससे त्वचा बदरंग हो सकती है। रंग खेलने से पहले शरीर पर तेल आवश्य लगा लो रंग खेलते समय इन बातों पर जरूर ध्यान देना चाहिए-

रंग छुड़ाने के लिए उपटन का प्रयोग करना चाहिए रंग छुड़ाने के लिए बार-बार साबुन न रगड़े।

यदि त्वचा खुजली के साथ पानी निकले तो साफ पानी से धुले।

यदि ऑख मं रंग पड़ जाये तो रगड़े नहीं बल्कि साफ पानी से धोए।

रंग खेलते समय शरीर पर टोपी जरूर लगाए। पूरे आस्तीन के कपड़े पहने।

गीले आस्तीन के कपड़े ज्यादा देर ना पहने।

इस प्रकार कुछ सावधानियॉ अपनाकर सुरक्षित होली मनायी जा सकती है। होली के पर्व पर बाजार रंग-बिरंगी मिठाइयों सें सज गया है। मिठाइयों, अन्य खाने की चीजों जैसे खोया, दूध पनीर में मिलावट का खतरा हो सकता है। इनमें रसायनिक तत्वों पेंट, यूरिया, निरमा, मिलावटी तेल, मिला रहता है जिससे पीलिया, पेट में जलन, संक्रमण, दस्त, उल्टी, गैस, दर्द आदि की गंभीर समस्याएं हो सकती है इसलिए खाने-पीने की चीजें जांच-परखकर ही खरीदे। बाजार की बजाय घर की बनी चीजों का प्रयोग करो ड्राई फ्रूट का ज्यादा इस्तेमाल करे इससे सुरक्षित होली मनाई जा सकती है।

होली में शराब का नशा बहुत आम है। लोग भांग पीकर होली मनाते है। इस उल्लास पूर्ण होली के पर्व को नशे का सेवन बेमजा कर सकता है। आइए इस उल्लासपूर्व रंगों के पर्व होली को सुरक्षित तरीके से मनाकर चार चांद लगाए।

# होली के रंगों का अलग-अलग ग्रहों से है संबंध



ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, होलाष्टक से लेकर होलिका दहन तक की अवधि को प्रतिकूल माना गया है। मान्यता है की इस दौरान सभी ग्रह उग्र स्थिति में रहते हैं। पंडित राकेश झा बताते हैं कि, रंगों का अलग-अलग ग्रहों से संबंध होता है। रत्न भी अलग-अलग रंग के होते हैं और ग्रहों के रंग के अनुसार अलग-अलग ग्रहों का प्रतिनिधित्व भी करते हैं। होली के दिन अलग-अलग रंगों का इस्तेमाल करने से ग्रहों की प्रतिकूलता और नकारात्मकता दूर होती है। साथ ही, इससे सकारात्मक ऊर्जा में वृद्धि होती है। ऐसी मान्यता है की ये रंग हमारे अंदर ऊर्जा और उत्साह भरते हैं। साथ ही, इससे आरोग्य की भी प्राप्ति होती है। रंगों का त्योहार होली चैत्र मास की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है। चैत्र वह महीना है जब सर्दी समाप्त हो रही होती है और गर्मी चढान पर होती है यानी यह ऋतुओं का संक्रमण काल भी होता है।

प्राचीन मान्यता है कि, इस समय संक्रामक रोग भी विकसित होते हैं, और प्राकृतिक रंग रोगों से रक्षा करते हैं, इसलिए कई क्षेत्रों में इस समय पशुओं को भी रंग लगाया जाता है।

वैसे आज कल केमिकल वाले रंग भी खूब प्रयोग किए जाने लगे हैं तो इनसे लाभ की बजाय नुकसान भी हो कता है। इसलिए शास्त्रीय मत यह कहता है कि प्राकृतिक रंगों का ही प्रयोग करना चाहिए जो सकारात्मकता बढते हैं।

गुलाल के अलग-अलग रंगों का महत्व

हरा रंग- ज्योतिषशास्त्र में हरे रंग को बुध ग्रह से संबंधित माना गया है। यह रंग विकास, समृद्धि, संतुलन और शांति का प्रतीक है।

पीला रंग- यह रंग गुरु ग्रह से संबंधित होता है। पीला रंग ज्ञान, पवित्रता, ऊर्जा और खुशी का प्रतीक है। होली पर इस रंग का प्रयोग करने से जीवन में सकारात्मकता आ सकती है। दरअसल यह गुरु के शुभ प्रभाव को बढाने का काम करता है।

लाल रंग- ज्योतिषशास्त्र में लाल रंग को मंगल ग्रह से संबंधित माना गया है। इसे ऊर्जा, शक्ति और साहस का प्रतीक माना गया है।

गुलाबी रंग- यह रंग शुक्र ग्रह से संबंधित होता है। गुलाबी रंग को प्रेम, कोमलता, शांति और स्नेह का प्रतीक माना गया है।

नारंगी रंग- ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, नारंगी रंग सूर्य ग्रह से संबंधित होता है। यह ऊर्जा, उत्साह, खुशी और रचनात्मकता का प्रतीक है।

# होली पर क्यों खेलते हैं रंग गुलाल? अलग-अलग रंगों का होता है खास महत्व

रंग और उत्साह का पर्व होली वृंदावन, बरसाना सहित पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। देश के कई भागों में फुलेरा दूज से भी यूं तो होली का त्योहार शुरू हो जाता है। लेकिन होलिका दहन और और उसके बाद होने वाले रंगोत्सव का अपना अलग ही महत्व है क्योंकि यह मुख्य होली का त्योहार होता है जिसमें अलग-अलग रंगों से होली खेली जाती है, और ज्योतिषशास्त्र में हर रंग का अपना महत्व बताया गया है जो किसी न किसी ग्रह से संबंध रखते हैं।

होली के त्योहार का हिंदू धर्म में खास महत्व होता है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होलिका दहन के साथ लोग उत्साह पूर्वक रंगोत्सव का त्योहार मनाते हैं। कुछ लोग होलिका की राख से भी होली खेलते हैं। कुछ लोग खास तौर पर बच्चे तो पानी से भी होली खेलते हैं लेकिन होली का मुख्य आकर्षण रंग होते हैं। और लोग एक दूसरे पर लाल, पीला, हरा, नीला, सफेद, चमकीले रंग लगाकर भी होली का आनंद मनाते हैं। रंगोत्सव का यह त्योहार भारत सहित नेपाल में भी बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। साथ ही भारतीय दुनिया के किसी भी देश में रहें अपनी परंपरा के अनुसार रंगोत्सव का त्योहार मनाते हैं। दरअसल होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत और अधर्म पर धर्म की जीत का भी प्रतीक माना गया है। और धार्मिक दृष्टि से होली के रंग इस बात को बयां करते हैं। वैसे होली पर रंग, गुलाल खेलने के और भी कई कारण हैं और इसके लाभ भी बताए जाते हैं। इसके पीछे ज्योतिषीय कारण और पौराणिक कथा छिपी हुई है। आइए विस्तार से जानें कि क्यों खेली जाती है रंगों वाली होली और अलग-अलग रंगों का क्या है महत्व।

राधा-कृष्ण से संबंधित है होली का त्योहार- पौराणिक कथाओं और मान्यताओं के अनुसार, भगवान कृष्ण जब बालक थे तब वह इस बात से चिंतित और परेशान थे की क्या गोरी राधा उनके सांवले रंग को पसंद करेंगी। तब यशोदा मईया ने कहा की राधा के पास जाओ और उनसे अपने मुख पर कोई भी रंग लगाने के लिए कहना। ऐसा सुनकर कान्हाजी राधा रानी के पास गए और उन्होंने भगवान कृष्ण को रंग लगाया। ऐसी मान्यता है कि तभी से होली के दिन रंग और गुलाल लगाने की परंपरा शुरू हुई। मथुरा वृंदावन की लोक कथाओं में इस तरह की कथा लोग कहते सुनाते हैं।

## लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट का आध्यात्मिक चेतना अभियान बना खुशियों का सेतु, कच्ची बस्तियों में बिखरे समरसता के रंग

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित आध्यात्मिक चेतना अभियान के तहत प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रंगों का त्योहार कच्ची बस्तियों के बच्चों के साथ हर्षोल्लास एवं प्रेमपूर्वक मनाया गया। ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं ने बच्चों और परिवारों को गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर तथा पिचकारियां वितरित कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। फाल्गुन के गीतों की मधुर धुन पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया। वातावरण रंग, उमंग और आनंद से सराबोर नजर आया। ट्रस्ट की ओर से आयोजित कार्यक्रम का मूल उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को बराबरी का अहसास दिलाना तथा ऊंच नीच के भेदभाव को मिटाकर प्रेम और सौहार्द का संदेश देना है ।इस अवसर पर ट्रस्ट के संरक्षक रामनिवास शर्मा, सुभाष जोशी, प्रकाश पासोरिया, दीनदयाल जोशी, गिरधारी लाल जाजोदिया, प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत, पवन कस्वा, अमित सोनी, बीजू कुमावत, महेंद्र घासोलिया, शशि प्रकाश कुमावत, महेश कुमावत सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी सदस्य मौजूद थे।



## भाजपा सरकार का बजट झूठे तथ्यों का पुलिंदा -प्रदेश संयुक्त सचिव सुखविंदर सिंह गिल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** आम आदमी पार्टी हल्का टोहाना से गत विधानसभा की सदस्यता के लिए उम्मीदवार रहे व आम आदमी पार्टी हरियाणा प्रदेश संयुक्त संयुक्त सचिव सरदार सुखविंदर सिंह गिल ने भाजपा सरकार के हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पेश किए गए 2026-27 के बजट को झूठों का पुलिंदा बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा हर बजट में आम लोगों को मूर्ख समझने का काम करती रही है। उन्होंने कहा कि अगर उनके पिछले बजट के आंकड़ों को की बात करें तो 2024-25 के बजट में मजदूर और मजदूर कल्याण के लिए रखे गए 940 करोड़ के बजट में से ?1 भी खर्च नहीं किया। साथ ही शिक्षा क्षेत्र के लिए रखे गए 19938 करोड़ में से केवल 428 करोड़, समाज कल्याण के 15543 करोड़ में से सिर्फ 62 करोड़ से भी कम खर्च किए। इस प्रकार अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर बहुत कम खर्च हुआ। विकास कार्यों में बजट का लगभग 6' ही खर्च हुआ। शीघ्र ही पिछले बजट 2025-26 के आंकड़े भी सामने आने वाले हैं, जिसका और भी बुरा हाल होने वाला है। इसी तर्ज पर अब बजट 2026-27 पेश किया गया है, जिसका लगभग एक तिहाई से ज्यादा पैसा कर्ज से जुटाने को कहा गया है। इस प्रकार हरियाणा की भाजपा सरकार लोगों पर विकास के नाम पर कर्ज थोप रही है। किसी प्रकार की नई शिक्षा-स्वास्थ्य व अन्य विकासशील योजना को बजट में नहीं रखा गया। इस प्रकार यह बजट हरियाणा की जनता के लिए अर्थहीन है। आप नेता गिल ने वर्तमान भाजपा सरकार चाहे वह केन्द्र की सरकार हो या प्रदेश की चारों तरफ से हर क्षैत्र मे न नाकामयाब रही है जिससे लोगों में भाजपाइयों के प्रति असंतोष फैला रहा है। भाजपा किस क़दर गिर सकती है इसका ताजा उदाहरण केजरीवाल व अन्य साथियों के अदालत द्वारा बा इज्जत बरी होने से जनता ने अंदाज लगा लिया कि वे सत्ता में बने रहने के लिए किसी भी झूठ तक जा सकते हैं।









## चंदन सैनी बने चार्टेड अकाउंटेंट

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



मावलियों की ढाणी लक्ष्मनगढ हाल जयपुर निवासी महेंद्र कुमार सैनी के सुपुत्र चंदन सैनी ने चार्टेड अकाउंटेंट की फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण कर सीए बनने में कामयाब हुए हैं। चंदन के चार्टेड अकाउंटेंट बनने पर पारिवारिक सदस्यों व शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय गुरूजनों व परिजनों को दिया है।

## 19 जिलों से लॉरेंस-गोदारा गैंग के 214 बदमाश पकड़े

### पंजाब की बंबीहा गैंग से 11 पिस्टल और 22 मैगजीन जब्त

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** राजस्थान पुलिस ने रविवार को 19 जिलों में लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग सहित अन्य गिरोहों के 214 बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से बड़ी संख्या में अवैध हथियार और ड्रग्स जब्त की। झुंझुनूं में पुलिस ने 8,153 अफीम के पौधे भी बरामद किए हैं। पंजाब के बंबीहा गैंग से 11 पिस्टल और 12 मैगजीन बरामद की गईं। डीजीपी (राजस्थान) राजीव कुमार शर्मा ने बताया- राजस्थान को भयमुक्त वातावरण देने के लिए संगठित गिरोहों के खिलाफ रविवार तड़के बड़ी घेराबंदी की गई। इस ऑपरेशन का मुख्य लक्ष्य अवैध हथियार रखने वाले, इलाके में रंगदारी और अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोहों से जुड़े नेटवर्क को जड़ से उखाड़ना था। राजस्थान पुलिस की ओर से जयपुर और जोधपुर कमिश्नरेट सहित कुल 19 जिलों में कार्रवाई की गई।

## होली पर धक्का-मुक्की रोकने के लिए जयपुर-जंक्शन पर विशेष बैरिकेडिंग

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** होली के चलते शहर से बाहर जाने वाले यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ गई है। सोमवार को जयपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ देखी गई। प्लेटफॉर्म, फुटओवर ब्रिज और एंट्री गेट पर लोग ट्रेन का इंतजार करते दिखे। दुर्गापुरा, गांधी नगर, जगतपुरा और खातीपुरा जैसे स्टेशनों पर भी यात्रियों की संख्या में वृद्धि देखी गई। सिंधी कैंप बस स्टैंड पर भी रोडवेज और निजी बसों में सीटें पूरी तरह से भरी हुई थीं। परिवारों के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों की अधिक संख्या के कारण स्टेशन और बस स्टैंड परिसर सामान के साथ खड़े लोगों से भरे हुए थे। जयपुर जंक्शन पर भीड़ कंट्रोल करने के लिए विशेष व्यवस्था रेलवे प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए विशेष इंतजाम किए। जयपुर स्टेशन डायरेक्टर विपिन शर्मा ने बताया कि जयपुर जंक्शन पर पैसेंजर्स को ट्रेन रवाना होने से एक घंटे पहले ही प्लेटफॉर्म पर एंट्री दी गई। स्टेशन के बाहर की ओर एक बड़ा होल्डिंग एरिया तैयार किया गया है, जहां एक साथ एक हजार से ज्यादा पैसेंजर्स बैठ सकते हैं।






# जनगणना से जनकल्याण की ओर–पहली बार पूर्णतः डिजिटल होगी जनगणना 2027: डीसी

## फतेहाबाद जिला में व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू, दो चरणों में होगा कार्य

### अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया जाएगा विशेष प्रशिक्षण

### डीसी डॉ. विवेक भारती ने प्रेस वार्ता में दी विस्तृत जानकारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** डीसी एवं प्रधान जनगणना अधिकारी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि जिला में जनगणना से जनकल्याण की थीम पर पहली बार पूर्णतः डिजिटल प्रणाली से जनगणना-2027 का कार्य किया जाएगा। यह केवल आंकड़ों का संकलन नहीं बल्कि आगामी दशक की विकास नीतियों, कल्याणकारी योजनाओं और आधारभूत संरचना की रूपरेखा तय करने की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए डीसी डॉ. भारती ने बताया कि जनगणना कार्य को जीरो टॉलरेंस नीति के तहत क्रियान्वित किया जाएगा। लगभग तीन से चार हजार अधिकारी व कर्मचारी इस महाअभियान से जुड़ेंगे। जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, उन्हें पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। डीसी ने सभी जिलावासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी।

#### दो चरणों में होगी जनगणना

डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहला चरण: मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना 1 मई से 30 मई 2026 तक होगा। दूसरा चरण: जनसंख्या गणना 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक होगी।




#### पूरी तरह डिजिटल और तकनीक आधारित प्रक्रिया

डीसी ने बताया कि इस बार गणनाकर्मी विशेष हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करेंगे, जिसे उनके पंजीकृत निजी मोबाइल उपकरणों पर इंस्टॉल किया जाएगा। यह एप ऑफलाइन मोड में भी कार्य करेगा, जिससे नेटवर्क-विहीन क्षेत्रों में भी कार्य बाधित नहीं होगा। नेटवर्क उपलब्ध होते ही डाटा स्वतः सिंक्रोनाइज हो जाएगा। एप एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहेगा। रियल-टाइम मॉनिटरिंग, तकनीक आधारित डैशबोर्ड और सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक स्तर पर प्रगति की सतत निगरानी की जाएगी। सभी चार्ज अधिकारियों को आईडी जारी की जा चुकी है तथा 32 फील्ड ट्रेनर्स सहित सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं।

#### अधिकारियों की अहम भूमिका

डीसी ने कहा कि एसडीएम, तहसीलदार, नगर परिषद, नगरपालिकाओं और अन्य विभागीय अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन, प्रगणकों व पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, प्रशिक्षण, जिले का शत-प्रतिशत कवरेज तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े नीति निर्माण और विकास योजनाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं।

#### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर नगराधीश गौरव गुप्ता, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, जिला जनगणना कोऑर्डिनेटर मेघा, सांख्यिकी अधिकारी प्रवीण, कार्यकारी अभियंता देवेन्द्र सिंह, एआईपीआरओ डॉ. विनय बैनीवाल व नरेंद्र सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

#### पहली बार मिलेगा सेल्फ - नन्यूमरेशन का विकल्प

डीसी ने बताया कि इस बार नागरिकों को 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक सेल्फ-एन्यूमरेशन (स्व-गणना) का विकल्प भी उपलब्ध कराया जाएगा। नागरिक निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल या मोबाइल एप के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। जानकारी सबमिट करने पर उन्हें एसएमएस व ई-मेल के जरिए एक विशिष्ट सेल्फ-एन्यूमरेशन आईडी प्राप्त होगी। गणनाकर्मी मौके पर पहुंचकर केवल जानकारी का सत्यापन करेंगे, जिससे समय की बचत और आंकड़ों की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित होगा।

## ऑपरेशन आक्रमण' बना अपराधियों का काल

# सिर्फ 6 घंटे में 32 आरोपी गिरफ्तार, 242 जवानों की 39 टीमों ने जिलेभर में चलाया विशेष अभियान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद/टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** हरियाणा पुलिस के पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार तथा फतेहाबाद पुलिस के पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत जिलेभर में विशेष अभियान 'ऑपरेशन आक्रमण' चलाया गया। इस व्यापक कार्रवाई के तहत मात्र 6 घंटे में 32 आरोपियों को गिरफ्तार कर विभिन्न मामलों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई। इस ऑपरेशन में कुल 39 पुलिस टीमों ने भाग लिया, जिनमें लगभग 242 पुलिसकर्मी शामिल रहे। सुबह 6:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक शहरों, कस्बों, गांवों, चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सघन नाकाबंदी, तलाशी अभियान, रेड एवं चेकिंग की गई। संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच कर अपराधियों पर शिकंजा कसा गया।राजस्थान एवं पंजाब से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों में आने-जाने वाले वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की विशेष जांच की गई। मादक पदार्थ तस्करों एवं अवैध हथियार रखने वालों के संभावित ठिकानों पर भी सघन छापेमारी की गई।

#### ऑपरेशन का उद्देश्य

इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों में कानून का भय उत्पन्न करना तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना था। पुलिस की सक्रिय और दृढ़ कार्रवाई से जिले में शांति एवं विश्वास का वातावरण मजबूत हुआ है।



#### पुलिस अधीक्षक की अपील

पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस ने अभियान में शामिल सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि 'पुलिस का दायित्व केवल अपराधियों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को नशे जैसी बुराइयों से मुक्त करना, महिला सुरक्षा सुनिश्चित करना, साइबर अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा यातायात नियमों के पालन हेतु नागरिकों को प्रेरित करना भी है। 'उन्होंने आमजन से अपील की कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। फतेहाबाद पुलिस अपराधमुक्त एवं भयमुक्त समाज की स्थापना के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

# टोहाना के एसडीएम आकाश शर्मा आई ए एस ने जनता समाधान शिविर में सुनीं जन समस्याएं

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** एसडीएम आकाश शर्मा ने सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश देकर कई मामलों का मौके पर ही निवारण करवाया। इस दौरान परिवार पहचान पत्र, पेंशन व अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित विभागों को निस्तारण के लिए फॉरवर्ड किया गया। एसडीएम आकाश शर्मा ने सोमवार को आयोजित समाधान शिविर के दौरान उपस्थित नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र आईडी में आय से संबंधित त्रुटियां, नए सदस्य जोड़ने, राशन कार्ड, बिजली विभाग तथा पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतें सामने आई हैं। इन सभी मामलों के समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि नागरिकों को जल्द राहत मिल सके। समाधान शिविर प्रशासन और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम है,



जिनके जरिए विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक सोमवार एवं वीरवार को आयोजित किए जाने वाले समाधान शिविरों में अधिकारी स्वयं उपस्थित रहे जिससे आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान में सुनिश्चित हो। उन्होंने सभी उपमंडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधीनस्थ अधिकारियों अथवा कर्मचारियों को केवल उसी स्थिति में समाधान शिविर में भेजा जाएगा जब संबंधित अधिकारी विधिवत अवकाश पर हों अथवा किसी अन्य शासकीय कार्य या अन्य ड्यूटी में पर हों।उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी शिकायत में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग समयबद्ध तथा पारदर्शी तरीके से शिकायतों के निपटान को सुनिश्चित करें, ताकि जनता को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशासनिक सेवाएँ मिल सकें।

# शीतलाष्टमी के मेले का आयोजन 11 मार्च को

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**





भामाशाह मुरारी लाल लोहिया की ओर से बनाए गए शीतला माता मंदिर के नवनिर्माण के बाद पहली बार शीतलाष्टमी पर 11 मार्च को मेले का आयोजन होगा। यह जानकारी देते हुए पंडित विष्णु शास्त्री ने बताय कि भामाशाह लोहिया की ओर से माकडिया बालाजी के मंदिर के पास सत्यनारायण भगवान के मन्दिर में शीतला माता के मंदिर का निर्माण कराया गया है। उन्होंने बताया कि लोहिया के प्रतिनिधि के रूप में संतोष कुमार कोलकाता ने मां शीतला की पूजा अर्चना की।

# विकसित हरियाणा के संकल्प को साकार करने वाला ऐतिहासिक बजट: सुभाष बराला

## किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**



**रजत विजय रंगा ।** राज्यसभा सांसद श्री सुभाष बराला ने हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा पेश किये गए बजट को ऐतिहासिक, विकासोन्मुखी एवं जनकल्याणकारी करार देते हुए कहा कि यह बजट केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास की स्पष्ट दिशा, मजबूत आर्थिक प्रबंधन और जनभागीदारी का प्रमाण है। बजट पूर्व परामर्श में प्राप्त लगभग 5000 सुझावों को शामिल करना सरकार की पारदर्शिता और संवेदनशीलता को दर्शाता है। सांसद ने कहा कि कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, आधुनिक कृषि तकनीकों को प्रोत्साहन, फसल विविधीकरण और किसानों की आय बढ़ाने से जुड़े प्रावधानों पर विशेष बल दिया गया है। यह बजट किसान हितैषी सोच का परिचायक है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। युवा शक्ति को प्रदेश के विकास की धुरी बताते हुए सांसद श्री बराला ने कहा कि कौशल विकास कार्यक्रमों के विस्तार, रोजगार के नए अवसरों के सृजन, स्टार्टअप को बढ़ावा और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया जैसे प्रावधान युवाओं के सपनों को साकार करने में सहायक सिद्ध होंगे। महिला सशक्तिकरण को लेकर बजट में स्वरोजगार योजनाओं, स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक सहयोग, शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार तथा सुरक्षा संबंधी उपायों को प्राथमिकता दी गई है। सांसद ने कहा कि यह बजट महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण के तहत सड़कों, बिजली, पेयजल, डिजिटल सेवाओं और शहरी विकास परियोजनाओं को गति दी जाएगी। शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में नए संस्थानों की स्थापना, आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता तथा ग्रामीण क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण सेवाएं पहुंचाने के प्रयास प्रदेश की सामाजिक संरचना को और सशक्त करेंगे। सुभाष बराला ने कहा कि यह बजट विकसित भारत - विकसित हरियाणा के लक्ष्य को नई गति देगा और प्रदेश को आर्थिक, सामाजिक व औद्योगिक क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा और यह बजट प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बनेगा।

# बाड़मेर, जोधपुर, जैसलमेर में चलीं गर्म हवा: पारा 38 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचा



**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** राजस्थान में सोमवार को बाड़मेर में दिन का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। पश्चिम के कुछ जिलों में दोपहर में तेज गर्मी के बीच गर्म हवा चली। जोधपुर, जैसलमेर, फलोदी, चित्तौड़गढ़ में पारा 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले एक सप्ताह में गर्मी और तेज होने का अनुमान जताते हुए तापमान में 2 डिग्री तक की बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है।

पिछले 24 घंटे का मौसम देखे तो राजस्थान के सभी शहरों में आसमान साफ रहा। बाड़मेर में दिन का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर के एरिया में दिन में तेज धूप के बीच हल्की गर्म हवा चली।

#### आगे और बढ़ेगा पारा, तेज होगी गर्मी

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, प्रदेश में अगले कुछ दिन में गर्मी और तेज होगी। तापमान में 2 डिग्री तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। वातावरण में ह्यूमिडिटल लेवल 40 से नीचे आने के कारण दिन में तेज गर्मी के साथ-साथ सुबह-शाम और रात में भी गर्मी बढ़ने लगी है। रात में कई शहरों का न्यूनतम तापमान अब 18 से 23 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हो रहा है।

# विद्या भारती पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया होली पर्व

**भीम प्रज्ञा न्यूज.निजामपुर।**




सोमवार को विद्या भारती पब्लिक स्कूल में होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। विद्यालय परिसर रंगों, उमंग और खुशियों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में बच्चों ने राधा-कृष्ण की मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रा गुनगुन ने भगवान श्रीकृष्ण की भूमिका निभाई, जबकि कोमल ने राधा का रूप धारण कर अपनी सुंदर प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के सभी बच्चे राधा-कृष्ण की आकर्षक वेशभूषा में सजकर स्कूल पहुंचे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्सवमय हो गया। संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव एवं वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने बच्चों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव तथा निदेशक डॉ. रविन्द्रा यादव ने बच्चों को होली के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और हमें सदैव सत्य एवं धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। विद्यालय के प्राचार्य विनोद यादव एवं किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी ने भी बच्चों को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के वातावरण में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापकगण भी उपस्थित रहे और बच्चों के उत्साह में सहभागी बने।

# परमहंस (PCP ) स्कूल के सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जाम में 6 विद्यार्थीयों का चयन, अभिषेक वर्मा की ऑल राजस्थान 7वीं रैंक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**




शहर के विकास नगर स्थित परमहंस PCP स्कूल की सैनिक एकेडमी ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जाम 2026 में सफलता का परचम लहराया है। संस्था के 6 विद्यार्थियों का चयन हुआ। संस्था निदेशक विक्रम जांगिड ने बताया कि पूरे भारत में 118 वीं रैंक के साथ अभिषेक वर्मा पुत्र सुरेश कुमार ,फाल्गुनी पुत्री सतीश इंगले ,मयंक पुत्र भजन लाल ,तनुज पुत्र विकास ढाका ,आशीष पुत्र लाल बाबु प्रसाद ,सुजल पुत्र नितेश कुमार का चयन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजन किया गया। सभी चयनित विद्यार्थियों को साफ़ा,माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर कर सम्मानित किया गया। निदेशक जांगीड़ ने बताया कि श्रेष्ठ शैक्षणिक वातावरण अनुशासित व कुशल मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि संस्था के विद्यार्थी विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसमें टारगेट जेईई व नीट के नये बैच 6 मार्च से प्रारंभ होगें। इस अवसर पर कोचिंग प्रभारी अनुजचौहान,मनीषशर्मा,गीता, ज्योति ,सुहाना,राजीव,नीतू, विनीता आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# टोहाना के आशीष कौशिक का देवी चित्रलेखा के श्रीमद् भागवत कथा मंच पर व्याख्यान-सह संस्थापक विनय वर्मा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**



**रजत विजय रंगा ।** यूथ एक्सिलेंस के संस्थापक आशीष कौशिक एवं सह-संस्थापक विनय वर्मा ने गीता 700 दिन चैलेंज के संदर्भ में श्रीमद् भागवत कथा के दौरान प्रसिद्ध कथा वाचिका देवी चित्रलेखा जी से भेंट की। कथा की शुरुआत में बजरंग मॉडल स्कूल, टोहाना के विद्यार्थी ईशांत धीमान द्वारा स्कूल के संचालक विनय वर्मा के मार्गदर्शन में बनाई गई देवी चित्रलेखा जी की सुंदर स्केच व्यास मंच पर भेंट की गई। जिसे उन्होंने स्नेहपूर्वक स्वीकार किया। श्री जी मंडली द्वारा अनाज मंडी पातड़ाँ, जिला पटियाला (पंजाब) में 26 फरवरी से 2 मार्च 2026 तक आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन पूज्य देवी चित्रलेखा जी के सान्निध्य में आशीष कौशिक को श्रीमद्भगवद्गीता पर व्याख्यान दिया। गीता चैलेंज के संचालक आशीष कौशिक ने मंच से गीता चैलेंज के उद्देश्य को सांझा करते हुए युवाओं को गीता अध्ययन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वयं द्वारा रचित प्रेरणादायक गीत 'गीता पढ़ो आगे बढ़ो' प्रस्तुत किया, जिसे श्रद्धालुओं ने अत्यंत सराहा। पूरे पंजाब के श्रद्धालुओं को विशेष रूप से संबोधित करते हुए आशीष कौशिक ने पंजाबी में गीत प्रस्तुत किया जिस पर हजारों श्रद्धालु झूमे – ' पातड़ाँ विच आओ भक्तों, देवी चित्रलेखा जी नाल तुसीं राधे-राधे गाओ भक्तों ' – जिसके माध्यम से उन्होंने अधिक से अधिक भक्तों को कथा में सम्मिलित होने का आह्वान किया। मंच पर अपने व्याख्यान में आशीष ने कहा कि देवी चित्रलेखा जी आज हजारों-लाखों युवाओं के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा का स्रोत हैं। क्योंकि जब युवा कथा वाचिका के द्वारा युवाओं की बात की जाती है। तो युवा आसानी से समझ पाते हैं। आशीष कौशिक ने देवी चित्रलेखा जी के जीवन पर एक भावपूर्ण कविता भी सुनाई। देवी चित्रलेखा जी ने गीता चैलेंज की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक और सकारात्मक पहल बताया। यूथ एक्सिलेंस द्वारा संचालित यह अभियान युवाओं को श्रीमद्भगवद्गीता के अध्ययन, आत्मचिंतन और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन के लिए निरंतर प्रेरित कर रहा है। इस अवसर पर पातड़ाँ से प्रकाश शर्मा, देवराज सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# राजस्थान में साल का पहला चंद्रग्रहण आज, 20 मिनट दिखेगा:सूतक लगते ही बंद हो जाएंगे मंदिरों के कपाट



**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** राजस्थान में मंगलवार को साल का पहला चंद्रग्रहण लग रहा है। ये करीब 20 मिनट तक दिखाई देगा। श्री सत्यनारायण पूर्णिमा के दिन ग्रहण के कारण सुबह से ही धार्मिक गतिविधियों में बदलाव देखने को मिला। ग्रहण शुरू होने से करीब 9 घंटे पहले सुबह 6 बजकर 55 मिनट पर सूतक लग जाएगा। इस कारण मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाएंगे। भारतीय समय के अनुसार ग्रहण दोपहर 3 बजकर 21 मिनट से शुरू होकर शाम 6 बजकर 47 मिनट तक रहेगा। इस ग्रहण की कुल अवधि 4 घंटे 26 मिनट है। कई स्थानों पर 'ब्लड मून' का नजारा भी दिखाई दे सकता है।

#### अब जानते हैं कि चंद्रग्रहण क्या होता है?

गुरुत्वाकर्षण बल यानी ग्रेविटेशनल फोर्स की वजह से पृथ्वी और सभी दूसरे ग्रह सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं। पृथ्वी, 365 दिनों में सूर्य का एक चक्कर लगाती है। जबकि चंद्रमा एक प्राकृतिक उपग्रह है, जो पृथ्वी के चारों ओर चक्कर लगाता है। उसे पृथ्वी के एक चक्कर लगाने में 27 दिन लगते हैं। सूर्य के चक्कर लगाने के दौरान कई बार ऐसी स्थिति बनती है जब पृथ्वी, सूर्य और चंद्रमा के बीच में आ जाती है। इस दौरान सूर्य का प्रकाश चंद्रमा तक नहीं पहुंच पाता है और पृथ्वी की छाया चंद्रमा पर पड़ने से चंद्र ग्रहण होता है। चंद्रग्रहण की घटना तभी होती है जब सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा एक सीध में हो, खगोलीय विज्ञान के अनुसार ये केवल पूर्णिमा के दिन ही संभव होता है। इसी वजह से ज्यादातर चंद्रग्रहण केवल पूर्णिमा के दिन होते हैं।

#### जयपुर में चंद्रग्रहण का कौनसा हिस्सा दिखेगा?

चंद्रोदय शाम 6 बजकर 22 मिनट पर होगा, जबकि ग्रहण की समाप्ति 6 बजकर 47 मिनट पर हो जाएगी। ऐसे में चंद्रग्रहण का अंतिम चरण ही जयपुर में देखा जा सकेगा।

# राष्ट्रीय सैनी सभा के कारिया निवासी नरसिंह सैनी अटेली हलका प्रधान बने

**भीम प्रज्ञा न्यूज. मंडी अटेली।**



**मनोज बुलाण ।** राष्ट्रीय सैनी सभा हरियाणा द्वारा संगठन का विस्तार करने पर अटेली खंड के गांव कारिया निवासी नरसिंह सैनी को अटेली मंडी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सैनी को महेंद्रगढ़ जिला सैनी समाज का जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के उपरांत संगठन विस्तार की प्रक्रिया को नई गति प्रदान की गई है। हल्का स्तर पर नई नियुक्तियों की घोषणा जिला अध्यक्ष संजय सैनी नरसिंह सैनी को हल्का प्रधान नियुक्त किया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को विधिवत नियुक्ति पत्र प्रदान किये है। जिला अध्यक्ष संजय सैनी ने कहा कि संगठन की मजबूती ही समाज की एकता, शिक्षा, सामाजिक उत्थान और अधिकारों की रक्षा का आधार है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर समाज को संगठित करने, युवाओं को आगे लाने तथा सामाजिक गतिविधियों को नई दिशा देने का आह्वान किया। नवनियुक्त हल्का प्रधानों ने भी समाज हित में निष्ठापूर्वक कार्य करने, संगठन की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने और एकजुटता बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया। अपनी नियुक्ति पर हलका प्रधान नरसिंह सैनी ने कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी को मजबूती से निभाउंगा। बता दें कि नरसिंह सैनी कर्मचारी यूनियन में गुरुग्राम डिवीजन के भी प्रधान है।

# लोहिया स्कूल में विज्ञान दिवस का भव्य आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**




लोहिया स्कूल में 28 फरवरी को मनाया गया विज्ञान दिवस इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन जिसका विषय था , 'विज्ञान जगत में वैज्ञानिकों का योगदान '। भाषण के माध्यम से विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिकों के योगदान और उनके आविष्कारों के बारे में बताया। भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने विद्यार्थियों में आराध्या नेहरा, अन्वी, बंटी, पूर्वी, भूमिका, वंश रक्षित, दक्षिता, नव्या ,ऋषिका, आरजु, जिया,गौरवांशी, डिंपल,थे। जिनमें से प्रथम स्थान पर आरजू, बंटी तथा द्वितीय स्थान पर अन्वी और पूर्वी तथा तृतीय स्थान पर आराध्या नेहरा और भूमिका रहे। नन्हे वैज्ञानिकों के विज्ञान जादू का अवलोकन किया जिसमें बेस्ट एक्सपेरिमेंट भाग्य तृतीय, भव्य द्वितीय, नार्वी थर्ड के रहे इसके अतिरिक्त तृतीय कक्षा - कृष्णा, भावेश, ऋषभ, रिया, सोम्या, दक्ष, अनुष्का, चौथी हैडिंग हर्ष, हितेश, प्रियां, फरमान, रोनक, मुस्ताफ, तनु, रिया, आयुषि आठवीं कक्षा -मयंक, पुलकित, आशीष के माडल भी शानदार रहे 7 जिसमें बल्ब चार्ज, इलेक्ट्रिक कार, वालकेनो, वेट लिफ्टिंग वाय प्रेसर, फिल्टर वाटर, स्मोक बबल आदि थे। काजल शर्मा व माया जांगिड़ के निर्देशन में विज्ञान मॉडल का निर्माण किया गया। विद्यालय निदेशक राम सिंह नेहरा, जगपाल सिंह यादव, पूरणमल की गजराज, विद्यालय प्रधानाचार्या प्रमोदिनी दुबे, चेयर पर्सन ममता नेहरा तथा स्टाफ ने सभी माडल का अवलोकन किया। मंच संचालन सीमा शर्मा के द्वारा किया गया।

# एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन ने सिल्वर जोन इंटरनेशनल ओलंपियाड में रचा इतिहास

## स्टेट मेरिट रैंक-1 के साथ 85 गोल्ड मेडल, 140 विद्यार्थियों ने जीते राष्ट्रीय सम्मान

### छात्रा पलक यादव बनी स्टेट टॉपर, शेखावाटी में उत्कृष्ट परिणाम की परंपरा कायम

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

सिल्वर जोन इण्टरनेशनल ऑलंपियाड 2025-26 की ओर से जारी परिणाम में एम. डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के 140 विद्यार्थियों ने अंग्रेजी , विज्ञान , गणित, हिंदी , सोशल साइंस, इंटरनेशनल इन्फॉर्मेटिक टेक्नोलॉजी व रीजनिंग विषय पर आधारित नेशनल ऑलंपियाड में गोल्ड व सिल्वर मेडल के साथ छात्रा पलक यादव पुत्री विनोद कुमार ने स्टेट मेरिट रैंक -1 व जोनल रैंक - 3 प्राप्तकर शेखावाटी के इतिहास में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने की अपनी परम्परा को कायम रखा। इस उपलक्ष में एम. डी. सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया । इस सम्मान समारोह की अध्यक्षता एम. डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चैयरमेन सुनील कुमार डाँगी व समित डाँगी ने दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ की तत्पश्चात सिल्वर जॉन ऑलम्पियाड़ में चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया ।

इस परीक्षा परिणाम में इंटरनेशनल हिंदी ऑलम्पियाड़ में उश्लेषा सैनी पुत्री सुभाष सैनी कृतिका वालिया व तमन्ना ने गोल्ड मैडल, कीर्ति राव व दिव्याक्षी शर्मा पुत्री जीतेन्द्र शर्मा ने सिल्वर तथा सिद्धि व लक्षिता ने ब्रांज मैडल , मैथ्स ऑलंपियाड में रितिका पुत्री रोहिताश सिंह , पलक यादव पुत्री विनोद कुमार, याशु सोनी पुत्र

**ग्रामीण प्रतिभाओं को आईआईटी-नीट की दिशा में अग्रसर कर रहा एमडीसीएल फाउंडेशन क्लासेज**



बंशी लाल , आयुष पुत्र सुभाष व हेमन्त कुमार पुत्र राजेश कुमार को गोल्ड मेडल ; सुमित यादव पुत्र सुनील प्रकाश , पलक डांगी पुत्री सुरेंद्र सिंह , इशांत बूडानिया पुत्र प्रदीप कुमार व आस्था पूनिया पुत्री नरेन्द्र कुमार को सिल्वर मेडल तथा मयंक कुमार पुत्र अनिल कुमार हेनु सोलंकी पुत्री मुकेश चहल पुत्री पवन कुमार व सुहानी पुत्री रौनक हलवान ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किया । इसी क्रम में इंग्लिश ऑलंपियाड में लक्ष्य चौधरी पुत्र मनोज कुमार , हिमांशु महला पुत्र रोहिताश्व महला , मानवी पुत्री प्रबोध चंद्र व देवांश पुत्र विजेंद्र सिंह ने गोल्ड मेडल व पलक पुत्री विनोद कुमार सृष्टि सिंह पुत्री दीपेंद्र सिंह व जिवितेश पुत्र सज्जन कुमार ने सिल्वर मेडल तथा आदित्य पायल पुत्र सुरेश पायल तनीषा पुत्री रजनीश जांगिड़ व सुहानी पुत्री रौनक हलवान ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किया । इसी क्रम में साइंस ऑलंपियाड में जहान खान पुत्र साजिद खान , एलेक्स पुत्र संदीप कुमार शहनाज पुत्री इस्पाक मोहम्मद व रौनक ओला पुत्री महेश कुमार ने गोल्ड मेडल व अंकित पुत्र हरी सिंह , कनिष्का पुत्री विजेंद्र सिंह व रिया पुत्री महेन्द्र शर्मा ने सिल्वर मेडल तथा लक्ष्य जांगिड़ पुत्र महेन्द्र जांगिड़ , निकिता पुत्री दिनेश कुमार , हेमंत पुत्र राजेश कुमार व मोक्ष ओला पुत्र श्री दिनेश कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल , इसी क्रम में इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी , रीजनिंग , इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी , इंटरनेशनल इन्फॉर्मेटिक्स , जनरल नॉलेज व सोशल स्टडीज विषय में टिंकू कोठरी , यमन जांगिड़, रीतिका, यश लाम्बा , मानवी , देवांश , दिवम डैला, मृदुल शर्मा , चिराग गोयल , मोक्ष ओला , नीलेश सैनी अविक शर्मा , कोमल , व लक्ष्मी ने गोल्ड मैडल , डिम्पी , दिव्यांश भड़िया , निखिल , कपिल गुरावा , लक्की कुमावत , पारस शर्मा , मयंक कुमार , पुनीत लाम्बा , कनिष्का सिल्वर मैडल व चंचल , विनीत कुमार , हिमांशु बुगालिया , इशांत , जीवितेश , शाहनाज , आयुष व हेमंत कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर एम.डी.सी.एल. चिड़ावा की फाउण्डेशन क्लासेज की गुणवता को प्रमाणित किया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एम. डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चैयरमैन सुनिल कुमार डाँगी व समित डाँगी ने की। इन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अध्ययन की महत्ता को स्पष्ट करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना प्रकट की। एम. डी. सी. एल. फाउण्डेशन क्लासेज का उद्देश्य आई.आई.टी. व नीट के क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को नवीन शिक्षा पद्धति व नवाचारों का प्रयोग करते हुए डॉक्टर व इंजीनियर बनाना है। इस अवसर पर एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के समस्त सदस्य उपस्थित रहें।

# महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास में भामाशाह सुमेर कुमार गौड़ का दौरा

### विद्यार्थियों से संवाद कर निर्माण कार्य में सहयोग का दिया आश्वासन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़**



। महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्ष्मनगढ के भामाशाह फतेहपुर निवासी सुमेर कुमार गौड़ ने रविवार को छात्रावास पहुंच कर छात्रावास का अवलोकन किया तथा विधार्थियों से संवाद कर व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए समिति के पदाधिकारियों से निर्माण कार्य को गति देने की बात कहते हुए आर्थिक सहयोग के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर गौड़ ने अपने पुत्र की शादी की निमंत्रण पत्र छात्रावास अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी सदस्यों व विधार्थियों को नाम से सामूहिक देते हुए वैवाहिक सभी कार्यक्रमों में आने का न्यौता दिया। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति के संयोजक सज्जन कुमार सैनी, महामंत्री महेंद्र कुमार माली, कोषाध्यक्ष झाबरमल माली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नथमल मावलियों की ढाणी, भूमि प्रदाता विनोद कुमार गौड़, बाबूलाल सैनी सहित पदाधिकारी सदस्य व विधार्थी मौजूद थे।

# योगेश यादव बनें चार्टेड अकाउंटेंट

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.लक्ष्मणगढ़**



लाल सिंह कॉलोनी राधाकिशनपुरा सीकर निवासी योगेश यादव ने द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर चार्टेड अकाउंटेंट बनने में कामयाब हुए हैं। योगेश की सफलता पर पारिवारिक सदस्यों व शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है। सीए बनें योगेश ने अपनी सफलता का श्रेय गुरूजनों व परिजनों को दिया है।

# नीमराना में फूलों की होली, पर्यावरण शुद्धता का संदेश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**




**रमेशचंद ।** नगर कांग्रेस कार्यालय पर फूलों की होली खेलकर होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं भाईचारे के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट वेद प्रकाश सैनी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को फूलों से होली खेलकर आपसी प्रेम, सौहार्द और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। नेताओं ने कहा कि फूलों की होली न केवल परंपरा और संस्कृति का प्रतीक है, बल्कि यह पर्यावरण शुद्धता और स्वच्छता का भी संदेश देती है। कार्यक्रम में नगर कांग्रेस उपाध्यक्ष संजय कुमार यादव, उपाध्यक्ष महावीर चर्खिया, एससी ब्लॉक अध्यक्ष गिर्राज सांमरिया, रामजस झगडोलिया, मीडिया प्रभारी प्रशांत शर्मा, सचिव संदीप उमराव गढ़, जयपाल रोडवालिया, सचिव परमानंद सैनी, नीरज कुमार, मुन्नीलाल बाल्मिक, रिंकू बडसीवाल, नरेश योगी, प्रवीण कुमार, लालाराम सैनी, रामसिंह, मनोज सैनी, जगदीश सैनी, उपेंद्र, रामनिवास मिस्त्री, सुभाष बहादुर सैनी, नरेश फौजी एवं प्रमोद सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और समाज में भाईचारे एवं सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया।

# 160 दिन से धरने पर डटा कुतकपुर, अब 'चरागाह बचाओ' के लिए मवेशियों संग कूच का ऐलान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**



**मनोज खंडेलवाल ।** उपखंड क्षेत्र के कुतकपुर गांव में स्वीकृत 220 केवी जीएसएस के विरोध में चल रहा आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। पिछले 160 दिनों से ग्रामीण अपने गांव की चरागाह भूमि को बचाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं और अब उन्होंने आर-पार की लड़ाई का एलान कर दिया है। शनिवार को आयोजित सर्वसम्मति बैठक में ग्रामीणों ने तय किया कि 5 मार्च को गांव के महिला, पुरुष, बच्चे और यहां तक कि मवेशियों सहित धरना स्थल से पैदल कूच कर उपजिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। आसपास के गांवों से भी इस जनकूच में शामिल होने का आह्वान किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस भूमि पर 220 केवी जीएसएस स्थापित करने की स्वीकृति दी गई है, वह वर्षों से गांव की चरागाह भूमि के रूप में दर्ज है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि चरागाह भूमि का संरक्षण राजस्व अभिलेखों और राज्य की नीतियों के अनुसार अनिवार्य है। आंदोलन के दौरान बीच में राज्य के कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा और क्षेत्रीय विधायक राजेन्द्र मीणा द्वारा कुतकपुर में आवंटित जीएसएस को निरस्त कराने का आश्वासन दिया गया था। ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक मंच से दिए गए इस आश्वासन के बावजूद अब तक कोई ठोस प्रशासनिक कार्रवाई सामने नहीं आई है, जिससे गांव में आक्रोश गहराता जा रहा है। उनका आरोप है कि यदि समय रहते लिखित आदेश जारी कर आवंटन निरस्त नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। कुतकपुर का यह आंदोलन अब महवा उपखंड में चर्चा का विषय बन चुका है। 5 मार्च का प्रस्तावित पैदल कूच प्रशासन के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा माना जा रहा है। यदि समय रहते समाधान नहीं निकला तो यह मामला व्यापक जनआंदोलन का रूप ले सकता है।

# गणियार की वशिष्टा ने मीरपुर यूनिवर्सिटी में आठ वा रैंक हासिल किया



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।**

**मनोज बुलाण ।** अटेली महिला कालेज में 5 वे सेमेस्टर में पढ़ने वाली गणियार गांव की वशिष्टा पुत्री संदीप ने मीरपुर यूनिवर्सिटी में आठ वा रैंक हासिल किया है। इससे पहले द्वितीय सेमेस्टर में भी आठवा रैंक हासिल किया था। लडक़ी के माता-पिता बीपीएल धारक है, लडक़ी प्रारंभ से होशियार रही है। मेट्रिक में 98 प्रतिशत प्रतिशत तथा 12 में 87 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल व गांव का नाम रोशन किया है। छात्रा अब बीए कार्मस के अंतिम सेमेस्टर में पहुंच गयी है। कालेज के प्राचार्य प्रवीण कुमार सहित आदि दूसरे प्राध्यापकों ने छात्रा को बधाई दे कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।




# गांव बजाड़ के पूर्व सरपंच जय सिंह का निधन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।**

**मनोज बुलाण ।** अटेली खंड के गांव बजाड़ के पूर्व सरपंच जय सिंह का निधन हो गया। वो पिछले कुछ समय से हार्ट की बीमारी से ग्रसित थे। करीब 58 वर्षीय जयसिंह सरल, सौम्य व ईमानदार व्यक्तित्व के धनी थे। वे पत्थर की ठेकेदारी भी करते थे। सरपंच के कार्यकाल में स्कूल को अपग्रेड सहित अनेक विकास के कार्य करवा कर गांव में काफी लोकप्रिय रहे। उनके निधन पर अटेली खंड के सरपंच व ग्रामीणों ने गहरा दुख प्रकट कर श्रद्धांजलि अर्पित की है।






## संक्षिप्त समाचार

### करण औजला के कॉन्सर्ट का क्रेज पड़ा भारी, ट्रैफिक जाम से घंटों बेहाल रहे लोग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित म्यूजिक कांसर्ट के चलते शनिवार शाम से ही दक्षिणी दिल्ली जाम की चपेट में रही। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम और फरीदाबाद से भी पंजाबी गायक करण औजला को सुनने के लिए लोग पहुंचे। भारी संख्या में वाहन पहुंचने के चलते जेएलएन के आसपास शाम से ही सड़कें जाम होने लगीं। बारापुला फ्लाईओवर के साथ ही लाजपत नगर से लोधी रोड देररात तक जाम की चपेट में रहे। हालांकि ट्रैफिक पुलिस ने कंसर्ट को लेकर एक दिन पहले एडवायजरी जारी की थी। स्टेडियम के आसपास के रास्तों पर डायवर्जन की भी जानकारी दी थी। जानकारी के मुताबिक जेएलएन में करण औजला का पी–पाप कल्चर इंडिया टूर 2026 के आयोजन को लेकर पहले से तैयारी थी। कार्यक्रम में लगभग 50,000 लोगों के आने जानकारी दी गई थी, जिसे लेकर रूट डायवर्जन भी लागू किया गया। पी–पाप कल्चर टूर औजला के वैश्विक दौरे का हिस्सा है, जिसकी शुरुआत 2025 के अंत में अबू धाबी में हुई थी। अमेरिका, यूरोप, कनाडा और यूनाइटेड किंगडम में होने के बाद अब भारत में वापसी हो रही है। फरवरी से अप्रैल तक चलने वाले भारत के दौरे में देशभर के स्टेडियम में आयोजन होंगे।

### कोर्ट से मल्लिकार्जुन खरगे को मिला जवाब दाखिल करने का वक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राऊज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने भाजपा और आरएसएस पर आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े मामले में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को जवाब दाखिल करने के लिए समय दे दिया है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च तय की है। विशेष न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई के दौरान यह मामला उस याचिका पर चल रहा था, जिसमें ट्रायल कोर्ट द्वारा एफआईआर दर्ज करने से इनकार किए जाने के फैसले को चुनौती दी गई है। सुनवाई के दौरान खरगे की ओर से वकील उमर होडा ने अदालत को बताया कि उन्हें याचिका की प्रति मिल गई है और जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए। इसके बाद अदालत ने 20 मार्च तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अब 20 मार्च की सुनवाई में अदालत आगे की कार्यवाही पर फैसला करेगी। सुनवाई के दौरान तीस हजारी कोर्ट से संबंधित अदालत का रिकॉर्ड भी पेश किया गया। इससे पहले 13 दिसंबर 2024 को मजिस्ट्रेट कोर्ट ने खरगे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद याचिकाकर्ता रविंद्र गुप्ता ने सत्र अदालत ने रुख किया। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान 27 अप्रैल 2023 को खरगे ने भाजपा और आरएसएस के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अदालत ने इससे पहले 29 जनवरी को उन्हें नोटिस जारी किया था।

### सशस्त्र बलों के सेवा मानदंडों पर पुनर्विचार करे केंद्र सरकार, सुप्रीम कोर्ट ने लगाई हाई कोर्ट के आदेश पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से सशस्त्र बलों के जवानों की सेवानिवृत्ति आयु और सेवा शर्तों से जुड़े ब्रिटिश काल के पुराने नियमों से आगे बढ़ने को कहा है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने तटरक्षक बलों के मानदंडों पर पुनर्विचार करने के लिए विशेषज्ञ समिति गठित करने पर विचार करने को कहा है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की पीठ ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें कहा गया था कि तटरक्षक बल में सभी रैंकों के लिए एक समान सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष होनी चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत ने अतिरिक्त सालिसिटर जनरल अर्चना पाठक दवे से कहा– सेवा शर्तों और सेवानिवृत्ति आयु से संबंधित इन नियमों की समीक्षा करने का यह सही समय है। सरकार ब्रिटिश काल में तैयार की गई सेवा शर्तों से बंधी नहीं रह सकती। आजकल कोई भी तटरक्षक बलों की भूमिका की कल्पना नहीं कर सकता। वर्तमान सेवानिवृत्ति आयु एक पुराने पैटर्न का अनुसरण करती प्रतीत होती है। पीठ केंद्र सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो दिल्ली हाई कोर्ट के पिछले साल के उस आदेश के खिलाफ दायर की गई थी।

# ईडी की जल्दबाजी वाली जांच और गिरफ्तारी से प्रभावित हो रहे अधिकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आबकारी घोटाला मामले में राऊज एवेन्यू की विशेष अदालत ने सीबीआई के साथ ही ईडी के तरीके पर चिंता जताते हुए कहा कि जल्दबाजी में की गई ईडी जांच और गिरफ्तारी लोगों के अधिकारों को प्रभावित कर रही है।

राऊज एवेन्यू के विशेष न्यायाधीश (सीबीआई) जितेंद्र सिंह की अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में तथ्यों की न्यायिक जांच किए बिना ही ईडी प्रिवेंशन आफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तारी और लंबी हिरासत के लिए शक्तियों का प्रयोग करती है। इससे ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, जहां किसी व्यक्ति को एक ऐसे आरोप के आधार पर व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित किया जाता है, जिसकी कानूनी स्थिरता अनिश्चित रहती है और समानांतर जांच भविष्य के परिणाम पर निर्भर करती है।

### प्रथम दृष्टया मामला नहीं बनता

शुक्रवार को अदालत ने आबकारी घोटाले से जुड़े सीबीआइ के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल,



पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, बीआरएस नेता के. कविता सहित 23 को आरोपमुक्त कर दिया था। अदालत ने कहा था कि किसी के खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं है और प्रथम दृष्टया मामला नहीं बनता है।

ऐसी स्थिति में जब पीएमएलए के तहत कार्रवाई शुरू होती है, तो उस अपराध की जांच पूरी नहीं होती और कई मामलों में तो आरोपपत्र भी दाखिल होने का इंतजार होता है। साथ ही अदालत ने आर्थिक अपराधों की असरदार जांच और किसी व्यक्ति की निजी आजादी के अटूट अधिकार के बीच सावधानी से संतुलन बनाने के लिए एक फ्रेमवर्क बनाने की जरूरत पर जोर दिया।

विशेष न्यायाधीश ने कहा कि यह अदालत खुद एक ऐसे मामले की गवाह है, जहां मनी लांड्रिंग से जुड़ी कार्रवाई आरोप पर बहस के आखिरी स्तर पर पहुंच गई है, जबकि उस अपराध में यह पता लगाने के लिए जांच अभी भी चल रही है कि कोई अपराध हुआ भी है या नहीं। इससे गंभीर कानूनी और संवैधानिक चिंता पैदा होती है।

**प्री-ट्रायल में हुए नुकसान की नहीं हो सकती भरपाई–** अदालत ने कहा कि जब किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता पर रोक लगा दी जाती है, तो उसे बाद में आरोपमुक्त करके सही मायने में न्याय नहीं किया जा सकता है, न ही समय बीतने से बिना वजह प्री-ट्रायल हिरासत से हुए नुकसान की भरपाई हो सकती है। इसलिए ऐसी ताकत का इस्तेमाल इस तय सिद्धांत के साथ तालमेल बिठाना होगा कि गिरफ्तारी और लंबे समय तक जेल में रखना अपवाद हैं, नियम नहीं।

# होली से पहले झटका, सिलेंडर के बढ़े दाम, हवाई यात्रा करना महंगा... होंगे और कई बड़े बदलाव?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हर महीने कुछ न कुछ आर्थिक बदलाव होते रहते हैं। जो हमारे मासिक खर्च को प्रभावित करते हैं। हर महीने की तरह मार्च 2026 में कई बड़े बदलाव होने जा रहा है, जिसका सीधा असर हमारी जेब पर देखने को मिलेगा। दरअसल, एलपीजी सिलेंडर और सीएनजी की कीमतों में बदलाव देखने को मिलेगा। इसके साथ ही सिम, यूपीआई के नए सुरक्षा मानक और रेलवे टिकट संबंधी नियम में बदलाव होने जा रहा है। आइए जानते हैं आज मार्च 2026 से कौन-कौन से नियमों में बदलाव होने जा रहा है। हर महीने एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में बदलाव देखने को मिलता है। फिलहाल रसोई गैस की कीमतें स्थिर हैं। लेकिन 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 31 रुपए तक महंगा हो गया है। रेलवे का पुराना अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम यानी एप आज 1 मार्च से बंद हो रहा है। आज से जनरल, प्लेटफॉर्म और लोकल ट्रेनों की टिकट बुक करने के लिए यात्रियों को नए एप का इस्तेमाल किया जाएगा। इस नए एप पर यात्रियों को जनरल टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट और लोकल यात्रा से जुड़ी सभी चीजें आसानी से मिल जाएंगी।

### सिम बाइंडिंग का नियम



डिजिटल फ्रॉड को रोकने के लिए सरकार 1 मार्च से सिम बाइंडिंग का निमय ला रही है। इस नियम तहत एप यूपीआई की तरह की आपके सिम से लिंक रहेंगे। फोन से सिम निकालते ही ये ऐप्स काम करना बंद कर देंगे।

1 मार्च से यूपीआई पेमेंट में भी बदलाव देखने को मिल सकता है। नए नियम के तहत बड़ी राशि ऑनलाइन ट्रांसफर अब सिर्फ से नहीं होगा, बल्कि बैंक हाई-वैल्यू ट्रांजैक्शन के लिए अतिरिक्त बायोमेट्रिक्स या मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अनिवार्य होने जा रहा है।

### बैंक अकाउंट में मिनिमम बैलेंस का नियम

देश के सरकारी बैंक 1 मार्च 2026 से मिनिमम बैलेंसे के नियमों में बदलाव करने जा रहे हैं। नए नियम के आने से बैंक अकाउंट में बैलेंस कम होने पर एवरेज मंथली बैलेंस के आधार पर पेनल?टी लगाई जाएगी। इससे पहले किसी एक दिन बैंक अकाउंट में बैलेंस कम होने पर पेनल्टी लग जाती है। पेट्रोलियम डिस्ट्रीब्यूटर कंपनियों द्वारा हर महीने टर्बाइन फ्यूल के साथ ष्टहृत (सीएनजी) और पीएनजी के दामों में बदलाव किया जाता है। संभावना है कि 1 मार्च 2026 को इनकी कीमतों में बदलाव देखने को मिले। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने हवाई ईंधन की कीमतों 5,500 रुपये का इजाफा किया है। इन कीमतों के बढ़ने से आने वाले दिनों में हवाई सफर महंगा हो सकता है।

## सरकारी स्कूलों में 90 हजार बच्चों को मिलेगा नाश्ता, नर्सरी से 8वीं तक के छात्रों के लिए सीएम रेखा का एलान



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में बच्चों को स्कूल में अब नाश्ता भी मिलेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस योजना का शाह ऑडिटोरियम में शनिवार को शुभारंभ किया। अभी 200 स्कूलों के नर्सरी से कक्षा आठ तक के 90 हजार बच्चों को इस योजना का लाभ मिलेगा। दिल्ली में पहली बार इस तरह की योजना लागू की जा रही है। नाश्ते में पौष्टिक आहार, फल आदि दिए जाने का प्रस्ताव है। रेखा गुप्ता ने कहा कि इस योजना से बच्चे स्वस्थ रहेंगे। साथ ही उनकी स्कूल पहुंचने की भी इच्छा रहेगी। मुख्यमंत्री ने इस अभियान की सफलता के लिए पूरा सहयोग देने की बात कही है। दिल्ली सरकार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि आने वाले समय में दिल्ली सरकार के सभी स्कूलों में इस योजना को छोटे बच्चों के लिए लागू किया जा सकता है। सीएम ने कहा, देश में मिड–डे मील योजना ने लाखों बच्चों को विद्यालय से जोड़ा और उनके शारीरिक व मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए 'मार्निंग न्यूट्रिशन प्रोग्राम' बच्चों को दिन की शुरुआत से ही ऊर्जा व पोषण उपलब्ध कराएगा, जिससे वे पढ़ाई, खेल और अन्य गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले सकेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि अक्षय पात्र फाउंडेशन दिल्ली सरकार के करीब 200 विद्यालयों के साथ मिलकर करीब 90,000 बच्चों को मिड–डे मील (दोपहर का भोषण) उपलब्ध करा रहा है। यही फाउंडेशन सुबह का नाश्ता भी उपलब्ध कराएगा। इन्हीं स्कूलों में यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि पोषण और स्वास्थ्य पर ध्यान देना उपचार से अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि स्वस्थ बचपन ही समृद्ध भारत की पहचान है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम जाजू, अक्षय पात्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भरतर्षभ दास, उपाध्यक्ष चंचलपति दास, दिल्ली नगर निगम शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा सहित कई गणमान्यजन मौजूद थे।

## इसी महीने दौड़ेगी देश की दूसरी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश की दूसरी वंदे भारत स्लीपर मार्च में पटरियों पर होगी। इसका रूट अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन जानकारों का कहना है कि यह ट्रेन दिल्ली-हावड़ा, दिल्ली-मुंबई, चेन्नई-बेंगलुरु-मुंबई में से किसी एक रूट पर चलाई जा सकती है। रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2026 में कुल 12 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को चलाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक ट्रेन पहले की ट्रेन से तकनीक व सुविधाओं के मामले में उन्नत होगी। वंदे भारत स्लीपर को भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) ने इस तरह डिजाइन किया है कि रेल यात्रियों को सफर के दौरान विमान-पांच सितारा होटल जैसा अनुभव होगा। ट्रेन के कोच के गलियारों में स्मार्ट सेंसर लाइट्स लगी हैं, जो केवल यात्री के चलने पर जलेंगी। पहली बार ट्रेन में बोल्स्टरलेस बोगियों (कोच) का इस्तेमाल हुआ है, जो 160 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार पर भी चाय का कप टेबल से नहीं गिरने देंगी। हवाई जहाज की तर्ज पर इसमें बायो-वैक्यूम टॉयलेट्स और टच-फ्री नल दिए गए हैं। नई डिजाइन की उन्नत वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में स्मार्ट सेंसर लाइट्स, वैक्यूम टॉयलेट्स, बोल्स्टरलेस कोच और ब्रांडेड कैटरिंग की खूबियां होंगी।

# मौत के समय क्या कर रहे थे खामेनेई, मोसाद ने ईरान में कैसे लगाई सेंध?

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने एक आधिकारिक बयान जारी कर पुष्टि की है कि देश के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई शनिवार सुबह तेहरान स्थित अपने कार्यालय में मारे गए। इस हमले में आईआरजीसी चीफ मेजर जनरल मोहम्मद पाकपुर और अयातुल्ला खामेनेई के सीनियर सलाहकार अली शमखानी मारे गए हैं। इजरायल के पूर्व प्रेसिडेंट अहमदीनेजाद के मुताबिक, ईरान की सीक्रेट सर्विस ने ईरान के अंदर मोसाद एजेंट्स को टारगेट करने के लिए एक यूनिट बनाई थी। लेकिन इस यूनिट का हेड खुद मोसाद का एक ऑपरेटिव निकला, साथ में 20 और एजेंट्स भी थे। सरकारी टेलीविजन पर एक न्यूज एंकर ने रुंधे हुए गले और आंखों में आंसू लिए देश को सूचित किया कि ईरान अब 40 दिनों के राष्ट्रीय शोक में प्रवेश करेगा। इस हमले ने न केवल ईरान की सत्ता को हिला दिया है, बल्कि पूरे क्षेत्र को एक भीषण युद्ध की आग में झोंक दिया है। जिस समय इजरायल ने उन्हें मार गिराया, उस समय वह अपने दफ्तर में दैनिक काम कर रहे थे। इजरायल के चैनल 12 के मुताबिक, खामेनेई की बॉडी की एक फ़ोटो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को दिखाई गई। रिपोर्ट में बिना नाम वाले इजरायली अधिकारियों का जिक्र किया गया। पब्लिक ब्रॉडकास्टर कान ने यह भी बताया कि सीनियर इजरायली अधिकारियों को खामेनेई के खत्म होने की जानकारी दे दी गई थी और उनकी बॉडी तेहरान में उनके कंपाउंड के मलबे से मिली थी। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि शनिवार सुबह शुरू हुए स्-इजरायली हमलों में खमेनेई के साथ उनकी बेटी, पोता, बहू और दामाद भी मारे गए। ईरान के डिफेंस मिनिस्टर अजीज नसीरजादेह और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कमांडर मोहम्मद पाकपुर भी हमलों में मारे गए हैं। रेड क्रिसेंट के अनुसार, इजरायल और अमेरिका द्वारा किए गए इन हवाई हमलों में अब तक 200 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। बीबीसी और सीबीएस न्यूज की रिपोर्टों के मुताबिक, मरने वालों में कम से कम 40 वरिष्ठ ईरानी अधिकारी शामिल हैं। ब्रह्नष्ट ने सैटेलाइट तस्वीरों के जरिए खामेनेई के कार्यालय लीडरशिप हाउस को हुए भारी नुकसान की पुष्टि की है। आईआरजीसी से जुड़ी तस्नीम न्यूज एजेंसी ने कहा कि खामेनेई की अपने कार्यालय में मौजूदगी यह साबित करती है कि उनके छिपने की खबरें महज दुश्मन का मनोवैज्ञानिक युद्ध थीं। खामेनेई की मौत के जवाब में ईरान ने पूरे मध्य पूर्व में फैले अमेरिकी ठिकानों और उनके सहयोगियों पर चौतरफा हमले शुरू कर दिए हैं। दुबई, दोहा (कतर), बहरीन और कुवैत में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों और रणनीतिक ठिकानों पर ईरान ने मिसाइलें दागी हैं। इन हमलों ने खाड़ी देशों में भारी दहशत पैदा कर दी है और वैश्विक तेल आपूर्ति पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस ऑपरेशन को सही ठहराते हुए कहा कि खामेनेई इतिहास के सबसे दुष्ट व्यक्तियों में से एक थे और उनकी मौत ईरानी जनता के लिए अपना देश वापस लेने का सबसे बड़ा अवसर है। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि तेहरान पर अमेरिका की बमबारी अनवरत जारी रहेगी। दूसरी ओर, ब्रिटिश प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर ने घोषणा की है कि ब्रिटेन अपने नागरिकों और क्षेत्रीय भागीदारों की सुरक्षा के लिए समन्वित क्षेत्रीय रक्षा अभियानों में हिस्सा ले रहा है। अमेरिका के भीतर भी दरार पैदा कर दी है।

● सलाहकारों को एक साथ निशाना बनाने के लिए एक दुर्लभ अवसर का इंतजार किया था

# 30 बमों से हमला, मिट्टी में मिल गया लीडरशिप हाउस; रूह कंपा देगी खामेनेई की मौत की कहानी

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत को लेकर चलाए गए ऑपरेशन को लेकर नए खुलासे हो रहे हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने एक सनसनीखेज रिपोर्ट में दावा किया है कि इजरायल और अमेरिका ने खामेनेई और उनके शीर्ष सलाहकारों को एक साथ निशाना बनाने के लिए एक दुर्लभ अवसर का इंतजार किया था। खुफिया सूचनाओं के आधार पर ऐसे तीन संभावित मौकों की पहचान की गई थी, जिसके बाद शनिवार को दिनदहाड़े इस भीषण हवाई हमले को अंजाम दिया गया। खुफिया अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि तेहरान स्थित खामेनेई के परिसर पर 30 उच्च क्षमता वाले बम गिराए गए। यह हमला इतना सटीक और विनाशकारी था कि इसने पूरे परिसर को खंडहर में बदल दिया। दिन के उजाले में किए गए इस हमले का उद्देश्य न केवल खामेनेई को खत्म करना था, बल्कि ईरान की शीर्ष सैन्य और राजनीतिक लीडरशिप को एक साथ नेस्तनाबूद करना था। खामेनेई की



मौत के साथ ही ईरान के संविधान के अनुसार देश के संचालन के लिए एक अस्थायी शासी परिषद का गठन कर दिया गया है। इस्लामिक गणराज्य के कानून के तहत, यह परिषद तब तक देश का कार्यभार संभालेगी जब तक कि नए सर्वोच्च नेता का चयन नहीं हो जाता। इस परिषद में ईरान के वर्तमान सुधारवादी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, ईरान के कट्टरपंथी न्यायपालिका प्रमुख गुलाम हुसैन मोहसेनी एजेई के अलावा तीसरा सदस्य गार्जियन काउंसिल का एक सदस्य होगा, जिसे एक्सपीडिएंसी काउंसिल द्वारा चुना जाएगा। यह परिषद वर्तमान में देश की सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था की निगरानी कर रही है, विशेष रूप से ऐसे समय में जब ईरान के कई शहरों में तनाव व्याप्त है और सीमा पर युद्ध जैसे हालात हैं।

**अगला सुप्रीम लीडर कौन?:** ईरानी कानून के मुताबिक असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स को जितनी जल्दी हो सके नए सर्वोच्च नेता का चुनाव करना होगा। जो ईरान के सबसे शक्तिशाली पद के लिए उम्मीदवार तय करती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस संक्रमण काल में ईरान के भीतर सुधारवादियों और कट्टरपंथियों के बीच सत्ता संघर्ष तेज हो सकता है।

# बेंजामिन नेतन्याहू के इशारे पर अमेरिका ने किया ईरान पर हमला?

**वाशिंगटन, एजेंसी।** जानकारों का कहना है कि अमेरिका ने ईरान पर इजरायल के कहने पर ही हमला किया है और इससे ज्यादा फायदा इजरायल को ही होने वाला है। वहीं ईरान ने अपने नए सुप्रीम लीडर का ऐलान कर दिया है। ईरान ने कहा है कि अली खामेनेई के बेटे मोजतबा अब कमान संभालेंगे। ईरान में इजरायल और अमेरिका ने अचानक हमला करके पूरी दुनिया को हिला दिया है। इन हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की भी मौत हो गई है। ईरान ने भी कई खाड़ी देशों में अमेरिकी बेसों पर हमला किया है। दुबई में जोरदार धमाके हुए हैं। अमेरिका का कहना है कि वह ईरान में कट्टरपंथी सरकार बदलना चाहता है। अमेरिका ईरान के साथ परमाणु वार्ता भी कर रहा था। हालांकि इसका कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला। जानकारों का कहना है कि ईरान अमेरिकी की नीतियों में फिट ही नहीं हो पा रहा था। खामेनेई का कहना था कि वह परमाणु शक्ति का इस्तेमाल नागिरक प्रोग्राम के लिए करना चाहता है। अल जजीरा की रिपोर्ट की मानें तो ईरान में हमले से सबसे ज्यादा फायदा इजरायल को होना वाला है। इजरयाल अकसर अमेरिका पर दबाव डालता है और फिर अमेरिका को हमला करना पड़ता है। जून में भी पहले इजरायल ने ईरान पर हमला किया था। इसके बाद अमेरिका ने भी लड़ाकू विमानों से ईरान पर अटैक कर दिया। एक जानकार ने कहा कि ईरान में होने वाली यह लड़ाई पूरी तरह से इजरायल के फायदे की लड़ाई है। इसमें अमेरिका को कुछ नहीं मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि अमेरिका एक तरफ अपनी छवि शांति करवाने वाले देशों के रूप में बनाना चाहता है और दूसरी ओर इजरायल के कहने पर हमले को तैयार हो जाता है। दरअसल ईरान के दुश्मनों का समर्थन ईरान हमेशा ही करता रहा है। चाहे हमास हो या हूती और हिजबुल्लाह, ईरान की इस्लामिक सरकार का हाथ उसपर रहा है।

# मौत के बाद खामनेई के अकाउंट से शेयर की गई कुरान की कौन सी आयत

**तेहरान, एजेंसी।** खामेनेई के एक्स अकाउंट से लिखा गया है, 'मोमिनों में कुछ ऐसे लोग हैं, जिन्होंने अल्लाह से जो वादा किया था उसे सच्चाई के साथ पूरा कर दिखाया। उनमें से कुछ ने अपना वादा निभाकर (शहादत पाकर) अपना समय पूरा कर लिया और कुछ अब भी प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने अपने संकल्प में कोई बदलाव नहीं किया।' ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई मारे गए हैं। अमेरिका और इजरायल के हमले में उनकी मौत हुई है और अब उनके उत्तराधिकारी को लेकर चर्चाएं तेज हैं। खामेनेई के मारे जाने की पुष्टि ईरान की मीडिया ने भी कर दी है। इस बीच उनके मारे जाने की जानकारी संकेतों में ही अयातुल्लाह अली खामेनेई के ही सोशल मीडिया अकाउंट से दी गई है। खामनेई के एक्स अकाउंट से कुरान की एक आयत शेयर की गई है और उन्हें शहीद करार दिया गया है। कुरान की आयत शेयर करते हुए लिखा गया है, मोमिनों में कुछ ऐसे लोग हैं, जिन्होंने अल्लाह से जो वादा किया था उसे सच्चाई के साथ पूरा कर दिखाया। उनमें से कुछ ने अपना वादा निभाकर (शहादत पाकर) अपना समय पूरा कर लिया और कुछ अब भी प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने अपने संकल्प में कोई बदलाव नहीं किया। यह आयत कुरान के (सूरह अल-अहज़ाब 33¬23) की है। इस तरह खामेनेई के अकाउंट से ही उनकी मौत की पुष्टि कर दी गई है। इसके साथ ही उन्हें अल्लाह की राह में शहीद बताया गया है। अमेरिका और इजरायल को भी इसी आयत के बहाने चुनौती दी गई है।

### अमेरिका-इजरायल को चैलेंज



इसमें कहा कहा है कि अब भी कुछ लोग प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने अपने संकल्प में बदलाव नहीं किया है। इस तरह अमेरिका और इजरायल को यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि अब भी ईरान पहले की तरह अड़ा और डटा है। उसके रवैये में कोई बदलाव नहीं आएगा। इस तरह ईरान में सत्ता परिवर्तन की चाह रखने वाले अमेरिका को आने वाले समय में चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। उसके लिए यह अभियान आसान नहीं रहेगा। इस बीच खबरें यह भी हैं कि अयातुल्लाह खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई को ईरान की कमान सौंपी जा सकती है।

# बैसाखियों' के साथ होली मनाएंगी सई मांजरेकर

**सलमान खान की मूवी से किया था डेब्यू**

होली हो और हुड़दंग न हो, ऐसा कैसे हो सकता है। 'दबंग 3', 'औरों में कहां दम था' और 'मेजर' फिल्मों की अभिनेत्री सई मांजरेकर का पैर भले ही फ्रैक्चर है, लेकिन वह जमकर मनाएंगी होली...।

सलमान खान के साथ फिल्म दबंग 3 से हिंदी सिनेमा में कदम रखने वालीं अभिनेत्री सई मांजरेकर किसी अलग परिचय की मोहताज नहीं हैं। पैर में फ्रैक्चर होने के बावजूद होने के बावजूद वह होली के लिए उत्साहित हैं और कहती हैं, 'इस साल की होली भले ही बैसाखियों के साथ, लेकिन अपने दोस्तों और परिवार के साथ जरूर मनाऊंगी। यह मेरा पसंदीदा त्योहार है और मैं बैसाखियों के सहारे ही सही, लेकिन मैं अपने दोस्तों की बिल्डिंग में जाऊंगी, गुलाल से होली खेलूंगी, समोसे और जलेबी खाऊंगी। बचपन से हमारा यही रूटीन रहा है और आगे भी ऐसे ही होली मनती रहेगी। होली की शुरुआत एक दिन पहले होलिका दहन से होती है। मम्मी होलिका के चारों तरफ परिक्रमा करती हैं। होली दहन के बाद एकदूसरे को हल्का सा रंग भी लगाते है।'



### नहीं पसंद ये रंग

सई कहती हैं, 'रंगों में मुझे पीला, नीला, सिल्वर रंग पसंद नहीं हैं, क्योंकि उन्हें निकालने में बहुत समय लगता है और अगर रंग न निकले, तो इंसान एलियन सा दिखने लगता है। मुझे सिर्फ गुलाल पसंद है, लेकिन मेरे दोस्त बहुत शरारती हैं। वे हर बार अजीब से गहरे रंग ले आते हैं, जो कई दिनों तक नहीं निकलते। एक-एक को निशाना बनाकर वही रंग लगाते हैं। पसंद तो मुझे गुलाल है, लेकिन खेलना आखिर में पीला, हरा, सिल्वर और बैंगनी रंग से ही पड़ता है। हालांकि मैं सबसे यही कहूंगी कि पक्के रंग और पानी के गुब्बारों से होली न खेलें।'

### शूटिंग के दौरान की होली की अधूरी ख्वाहिश

शूटिंग के दौरान की होली का जिक्र करते हुए आगे सई कहती हैं- कभी सेट पर होली वाले दिन होली खेलने का मौका तो नहीं मिला है, लेकिन मेरी फिल्म औरों में कहां दम था में होली का एक सीन था। जितना मजा होली खेलने में आता है, उतना ही कठिन होली का सीन शूट करना होता है। हर रीटेक के बाद गाल पर फिर से ताजा रंग लगाना पड़ता था, जल्दी-जल्दी तैयार होना पड़ता था, तो थोड़ी भागदौड़ हो जाती थी, लेकिन टेक्स के दौरान हमने खूब मजा किया था। हम रंग लगाते, फिर साफ करते, फिर दोबारा रंग लगाते। अब सोचती हूं, तो मजेदार लगता है, लेकिन उस वक्त लगता था ये कैसे ठीक से होगा।

### कोई गिला-शिकवा नहीं

होली को गिले-शिकवे दूर करने का मौका भी माना जाता है। हालांकि सई को कभी किसी से कोई गिला-शिकवा नहीं रहा है। वह आगे कहती हैं कि मैं ऐसी नहीं हूं कि दिल में किसी को बातों को रखूं। अगर कोई परेशानी होती है, तो मैं तुरंत दोस्तों या सामने वाले से बात करके सुलझा लेती हूं। हां, फिल्मों जैसा एक सपना जरूर होता है कि होली पर झगड़ा हो और रंग लगाते ही सब ठीक हो जाए, ये थोड़ा फिल्मी है, लेकिन मजेदार है। हालांकि वैसा भी कुछ नहीं हुआ है।

# शादी के बाद तिरुपति बालाजी मंदिर पहुंचे रश्मिका-विजय

## भगवान वेंकटेश्वर का लिया आशीर्वाद

रश्मिका मांदाना और विजय देवकोंडा ने 26 फरवरी को उदयपुर में शादी कर ली है। पति-पत्नी बन चुके रश्मिका-विजय ने रविवार को आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुमाला पहाड़ियों पर स्थित तिरुपति बालाजी (वेंकटेश्वर स्वामी) मंदिर के दर्शन कर नए शादीशुदा जीवन के लिए आशीर्वाद लिया है। रश्मिका और विजय का यह वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस के बीच काफी पसंद किया जा रहा है।



शादी के बाद, उदयपुर से हैदराबाद आने के एक दिन बाद, दोनों ने रविवार सुबह तिरुपति बालाजी मंदिर में दर्शन किए। दोनों ने भगवान विष्णु का आशीर्वाद लिया। रश्मिका हरे और सुनहरे रंग की खूबसूरत कांजीवरम साड़ी में बहुत सुंदर लग रही थीं। उन्होंने पारंपरिक सोने के गहने, मंगलसूत्र और गजरा लगाए हुआ था। उनका मेकअप हल्का और सॉफ्ट था। वहीं विजय सफेद कुर्ते और नारंगी शॉल में अच्छे लग रहे थे। इस दौरान विजय के भाई आनंद देवरकोंडा भी उनके साथ दिखाई दिए।

### फैंस की लगी भीड़

रश्मिका और विजय की एक झलक पाने के लिए मंदिर के बाहर उनके फैंस की भीड़ जमा हो गई। वह सभी अपने पसंदीदा अभिनेता के साथ तस्वीरें खिंचवाना चाहते थे। जोड़े ने सबको प्यार से हाथ हिलाया, शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद कहा और फिर वहां से चले गए।

### रश्मिका और विजय का खास प्लान

शादी की खुशी पूरे देश के साथ मनाने के लिए, रश्मिका और विजय ने 1 मार्च को खास योजना बनाई। उन्होंने देश भर में मिठाई से भरे ट्रक भेजे। कई शहरों में मिठाई बांटी जा रही है। साथ ही, वह भारत के 16 मंदिरों में अन्नदान (मुफ्त भोजन) का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में हर खुशी मिठाई और खाने से मनाई जाती है। वह फैंस के प्यार और आशीर्वाद के लिए शुक्रिया अदा कर रहे हैं।

### शादी के बाद होगा भव्य रिसेप्शन

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा ने 26 फरवरी को उदयपुर में शादी रचाई। यह शादी बहुत भव्य थी और तीन दिनों तक चली। इसमें सिर्फ परिवार और करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। कुछ मशहूर हस्तियां जैसे संदीप रेड्डी वांगा और कल्याणी प्रियदर्शन भी वहां थीं। शादी के बाद अब हैदराबाद में 4 मार्च को एक बड़ा रिसेप्शन होगा। इसमें फिल्म जगत की बड़ी हस्तियां, नेता और बाकी नामचीन लोग शामिल होंगे।

# 'कल्कि 2' की शूटिंग पूरी करके मुंबई लौटे अमिताभ बच्चन

## बालकनी से साझा की खास तस्वीर, बताई घर की अहमियत

इन दिनों इंडस्ट्री में खबरें चल रही हैं कि अमिताभ बच्चन ने कल्कि 'कल्कि 2898एडी' के सीक्वल के लिए अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। हालांकि मेकर्स की तरफ से अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। फिल्म को 'कल्कि 2' के नाम से जाना जाता है। कमल हासन भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। जानकारी के मुताबिक अमिताभ बच्चन ने फिल्म के लिए अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। इसके बाद वह मुंबई के लिए निकल गए, जबकि बाकी लोग अभी फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं।



### अमिताभ ने ब्लॉग में दी जानकारी

इस बीच अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग पर लिखा, 'घर तो घर होता है। यह भावनाओं से भरा होता है। घर सिर्फ दीवारों और छत का ढांचा नहीं है। यह आराम, अपनेपन और सुरक्षा की जगह है।'

उन्होंने आगे लिखा कि 'कल्कि 2' की शूटिंग के लिए हैदराबाद में था। अब फिर से अपने शुभचिंतकों से मिल पाउंगा।' अभिनेता ने अपने घर की बालकनी से गुलाब के फूल की एक तस्वीर भी शेयर की है। अमिताभ बच्चन के ब्लॉग से लग रहा है कि वह आजकल अपने घर पर हैं।

### फैंस से नहीं मिल पाए अमिताभ

अमिताभ बच्चन हर रविवार अपने घर जलसा के बाहर अपने फैंस से मिलते हैं। हालांकि वह पिछले रविवार को अपने फैंस से नहीं मिला पाए थे। इसके बारे में उन्होंने अपने ब्लॉग में बताया था कि वह यात्रा की वजह से फैंस से नहीं मिल पाए।

### 'कल्कि 2898एडी' की स्टारकास्ट

अमिताभ बच्चन ने 'कल्कि 2898एडी' के पहले पार्ट में पावरफुल और रहस्यमयी अश्वत्थामा का रोल किया था। उनका किरदार फिल्म के सबसे अहम किरदारों में से एक था। फिल्म में उनके साथ कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी थे।

# 'तन्वी द ग्रेट' की शुभांगी दत्त को मिला 'उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार'

## अनुपम खेर ने दी बधाई; लिखा- 'मेहनत कभी..



अनुपम खेर द्वारा निर्देशित और निर्मित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त को इस फिल्म में बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए 'उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। इसी खुशी में इस फिल्म के निर्माता और निर्देशक अनुपम खेर ने शुभांगी के लिए एक खास पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर अपना प्यार जताया है और साथ ही अभिनेत्री की प्रशंसा की है। अनुपम खेर ने अपनी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त के साथ कुछ खास तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ अुनपम ने शुभांगी को अपनी निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के लिए अवॉर्ड मिलने पर खुशी जताते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। अनुपम ने इन तस्वीरो के साथ लिखा, 'प्यारी शुभांगी, बहुत बढ़िया काम के लिए पुरस्कार।' अनुपम ने आगे लिखा, 'शुभांगी सामाजिक प्रभाव के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन का पुरस्कार जीतने पर तुम्हें ढेर सारी बधाई। मैंने हमेशा तुमसे कहा था कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। इसमें थोड़ा समय लग सकता है, ये तुम्हारे सब्र की परीक्षा ले सकती है, इसमें आंसू और हिम्मत की जरूरत पड़ सकती है, लेकिन यह हमेशा फल देती है। और आज ये सबसे खूबसूरत तरीके से फल दे रही है।'



### फिल्म के किरदार को लेकर अनुपम का नोट

अनुपम ने आगे लिखा, 'तन्वी के किरदार में तुम्हारा समर्पण, ईमानदारी और शांत ताकत ने सबके दिल छू लिए हैं। यह पुरस्कार सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं है, बल्कि एक अच्छी अभिनेत्री और एक अच्छे इंसान के रूप में तुम्हारी पहचान है। तन्वी द ग्रेट की पूरी टीम तुम पर बहुत गर्व महसूस कर रही है। हमने पीछे की मेहनत देखी है, अनुशासन देखा है, विश्वास देखा है। अब दुनिया भी इसे देख रही है। बस ऐसे ही रॉक करते रहो, आगे बढ़ते रहो, चमकते रहो। ये तो अभी शुरुआत है।'

### फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के बारे में

'तन्वी द ग्रेट' अनुपम खेर द्वारा निर्देशित और अभिनीत फिल्म है, जो 2025 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म एक ऑटिस्टिक लड़की की कहानी दिखाती है, जिसका किरदार शुभांगी दत्त ने निभाया है। यह फिल्म साहस, दृढ़ता और सपनों को पूरा करने की भावना को दर्शाती है, जिसमें तन्वी अपने शहीद पिता की तरह भारतीय सेना में शामिल होने का सपना देखती है।

# अबु धाबी में सुरक्षित हैं ईशा गुप्ता इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए दी जानकारी

## एक्ट्रेस ने जल्द भारत लौटने की उम्मीद जताई

### कहा, मौजूदा समय डरावना है, कठिन है



इरजायल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष की वजह से मिडिल ईस्ट से भारत आने वाली फ्लाइट्स कैंसिल हो गई हैं। ऐसे में मिडिल ईस्ट के देशों में कई भारतीय फंस गए हैं। इस बीच एक्ट्रेस ईशा गुप्ता ने एक पोस्ट के जरिए बताया है कि वहां हालात कैसे हैं?

अभिनेत्री ईशा गुप्ता ने फैंस को भरोसा दिलाया है कि अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच वह अबू धाबी में सुरक्षित हैं। इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक अपडेट शेयर करते हुए ईशा ने लिखा 'जो भी मैसेज कर रहे हैं वह मुझे जवाब न दे पाने के लिए माफ करें। हम ठीक हैं, हम सुरक्षित हैं! डरावना समय है, बहुत मुश्किल है। भगवान हमारी रक्षा के लिए हैं। हमें भरोसा है कि भारत सरकार सुरक्षा के लिए सबसे अच्छा काम कर रही है। प्रभावित लोगों, फंसे हुए लोगों और सभी की सुरक्षा के लिए प्रार्थना कर रही हूं। उम्मीद है कि जल्द ही घर पहुंच जाऊंगी।'

### कई फ्लाइट्स हुईं रद्द

गौरतलब है कि कि अमेरिका और ईरान ने मिलकर ईरान पर हमला किया है। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई की है। हालात बिगड़ने के बाद मिडिल ईस्ट के देशों ने फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं। यूएई में, सुरक्षा चिंताओं के कारण दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट और अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ऑपरेशन अगली सूचना तक रोक दिए गए हैं। ऐसे में भारत के कई लोग मिडिल ईस्ट में फंस गए हैं।

### सोनल चौहान ने मांगी मदद

इससे पहले अभिनेत्री सोनल चौहान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए पीएम मोदी से मदद की मांग की थी। उन्होंने लिखा 'माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, मैं जंग की वजह से दुबई में फंसी हुई हूं। फ्लाइट्स कैंसिल हो गई हैं और भारत लौटने का कोई रास्ता नहीं है। मैं घर वापस जाने के लिए सरकार से सुरक्षित यात्रा के लिए मार्गदर्शन चाहती हूं। किसी भी मदद के लिए शुक्रगुजार हूं।'

### विष्णु मांचू परिवार से मिलने पहुंचे

जंग के बीच अभिनेता विष्णु मांचू दुबई में अपने परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें लाइट नजर आ रही है। माना जा रहा है कि यह मिसाइलें हैं।

मंडावा में पालिका चौक में आयोजित फाग महोत्सव में गूंजे फाग गीत

# सर्व हितैषी व्यायाम शाला की ओर से आयोजित 'रंग रसियो फागण महोत्सव' में बिखरे रंग, उमड़ा जनसैलाब

## 'रंग रसियो फागण महोत्सव' में रंग, रस और राग का अद्भुत संगम

### चंग की थाप, ढप की गूंज, बांसुरी की मधुर धुन और रसिया गीतों पर जमकर थिरके विदेशी पर्यटक

### 'रंग रसियो फागण महोत्सव' बना रंग, उमंग और एकता का भव्य प्रतीक!

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा** । होली को लेकर फाल्गुनी कार्यक्रम भी अपने परवान पर चढ़ा हुआ है। मंडावा फतेहपुर बस स्टेण्ड के पास स्थित नगरपालिका चौक रंग रसिया फाग उत्सव का आयोजन किया गया। सर्व हितैषी व्यायाम शाला द्वारा रंग रसिया फागोत्सव 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत लोकगीत कलाकारो द्वारा की गई। शेखावाटी के मंडावा की विख्यात ढप मंडलियों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई जिसे देखने और सुनने के लिए हजारों की संख्या में स्थानीय लोग सहित विदेशी पर्यटक भी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। सर्व हितैषी व्यायाम शाला द्वारा आयोजित भव्य रंग रसियो फागण महोत्सव में सोमवार शाम को रंगों, उमंग और लोक संस्कृति की छटा से सराबोर नजर आया। फाल्गुन की मादक बयार के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा वातावरण होली के उल्लास से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व पालिकाध्यक्ष सजन मिश्रा, पीताम्बर मिश्रा बालकिशन भाटीवाडा अंगद देव सिंह बन्ना अरविंद पारीक, भामाशाह हरगोविंद केडिया सुरेश पालड़ी वाला सहित अन्य अतिथियों ने ढप पर थाप लगाकर किया। कार्यक्रम में ढप मंडलियों द्वारा लोक गीतों पर लोक नृत्य की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति दी गई। पीताम्बर मिश्रा ने बताया गत 125 वर्षों से जारी परम्पराओं का निर्वहन करना ओर शेखावाटी की लोक संस्कृति को जीवंत रखने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि फाल्गुनी कार्यक्रमो



के तहत कस्बे मंडावा में बसंत पंचमी से आयोजित होने वाले 40 दिवसीय लोक कार्यक्रमों के तहत में होली पर्व पर पालिका ये आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर बाल किशन भाटीवाडा ने कहा कि वर्तमान समाज की भागदौड़ की व्यस्ततम जिंदगी में लोक संस्कृति को संरक्षित रखने के लिए ऐसे कार्यक्रमों को करना चाहिए। उन्होंने कलाकारों की प्रशंसा की। कलाकारों ने शेखावाटी लोक कला एवं संस्कृति के अनेकों गानों पर देर शाम तक धमाल मचाई। कुर्ता पायजामा और पचरंगी साफ़ा पहने युवा गायकों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं ।

### ये रहे मंचासीन महानुभाव

मनोज कुमार भदुपोता,सजनलाल मिश्रा,ठाकुर अंगद देव सिंह,राजेश कुलेहरी,संदीप शर्मा,दिनेश धाभाई, रामस्वरूप देवड़ा,सजन दिनवा, भोला सिंह , पूर्व पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी, सीआई महेंद्र चावला, मधुसूदन खेमानी, अरविंद पारीक , प्रवासी भामाशाह हरगोविंद केडिया,आदित्य शर्मा,कैलास पीपलवा,संजय रामगढ़िया,रविन्द्र शर्मा,रमेश हेमानी,छोटे लाल सैनी, सुभाष बावलिया , बालकिसन भाटीवाड़ा, सुरेश पालड़ीवाल,मधु स्वामी सतनारायण शर्मा,राजेश रंजीरोत,नंद किशोर यादव,सुनील जोशी , शशिकान्त सैनी,सुनील सोनी,अंकित शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### ढप-बांसुरी की धुन पर खूब थिरके कलाकार ओर विदेशी पर्यटक

ढप की थाप, बांसुरी की मधुर तान और फागण के रसिया गीतों पर रंग रसियो ने जमकर लोक नृत्य में हिस्सा लिया। मंच के सामने उत्साह और उमंग का ऐसा दृश्य था कि उपस्थित जनसमूह भी खुद को झूमने से रोक नहीं सका।

### पारंपरिक अंदाज में हुआ स्वागत

सर्व हितैषी व्यायाम शाला के पदाधिकारियों ओर कार्यकर्ताओं ओर गणमान्य लोगों ने मुख्य अतिथि सहित मंच पर उपस्थित अतिथियों का दुपट्टा एवं राजस्थान की आन-बान-शान साफा पहनाकर अभिनंदन किया।

### लोक संस्कृति का जीवंत उत्सव

लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां और फागण के पारंपरिक गीतों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मंडावा की सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का जीवंत उदाहरण बन गया।

### रंग, रस और एकता का संदेश

लोक कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियां और फागण के पारंपरिक गीतों ने महोत्सव को जनउत्सव में बदल दिया। यह आयोजन केवल होली उत्सव नहीं, बल्कि सांस्कृतिक एकता का भी भव्य प्रदर्शन बना।

कार्यक्रम का संचालन सुभाष बावलिया ने किया और मंडावा व्यायाम शाला के सचिव पीताम्बर मिश्रा, बालकिशन भाटीवाडा सुरेश पालड़ीवाला, चंद्र प्रकाश सेन ने आभार प्रकट किया।




राष्ट्रीय बोध महासभा व सावित्रीबाई फुले ज्योतिबा फुले फाउंडेशन का धरना

# शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार के निजीकरण के खिलाफ राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।

राष्ट्रीय बोध महासभा और सावित्रीबाई फुले ज्योतिबा फुले फाउंडेशन, नारनौल के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरने की अध्यक्षता राष्ट्रीय बोध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह ने की, जबकि संचालन फाउंडेशन के प्रधान कामरेड सुभाष चन्द्र एडवोकेट ने किया। धरने को संबोधित करते हुए शेर सिंह ने कहा कि किसी भी देश के विकास का वास्तविक मापदंड उसके नागरिकों की जीवन स्थितियां होती हैं। यदि सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और निशुल्क शिक्षा, समुचित स्वास्थ्य सेवाएं तथा सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध हों, तभी देश को विकसित कहा जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार भी पूर्ववर्ती सरकारों की तरह शिक्षा को व्यवसाय बनाने की दिशा में अग्रसर है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार आमजन की पहुंच से दूर होते जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि शिक्षा बजट में कटौती की जा रही है और सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों के कई पद रिक्त पड़े हैं। नारनौल के सरकारी अस्पताल में एमआरआई जैसी आवश्यक सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों को निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है, जहां उनसे मनमानी फीस वसूली जाती है। वक्ताओं ने कहा कि रोजगार सृजन के बजाय कई विभाग बंद किए जा रहे हैं। संस्थागत उत्पीड़न के शिकार समुदायों के हित में बने यूजीसी नियमों को भी पारदर्शी रूप से लागू नहीं किया जा रहा है। धरने के बाद सीटीएम मंगल सेन के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम मांग पत्र प्रेषित किया गया। मांग पत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के निजीकरण पर






रोक लगाने, जनवादी एवं धर्मनिरपेक्ष वैज्ञानिक शिक्षा लागू करने, सभी नागरिकों के लिए रोजगार की गारंटी सुनिश्चित करने, यूजीसी नियमों को पारदर्शी ढंग से लागू करने, सरकारी अस्पतालों में आधुनिक उपकरणों की व्यवस्था करने और रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग की गई। साथ ही केंद्र सरकार से शिक्षा पर कुल बजट का 10 प्रतिशत खर्च करने तथा बाबा खेता नाथ आयुर्वेदिक कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास की समुचित व्यवस्था करने की मांग भी उठाई गई।

धरने को वेद प्रकाश चौधरी, बिट्टी चंद गोठवाल, कृष्ण कुमार, शेढू नंबरदार, पूनम सिंह बौद्ध, हुकमचंद, कामरेड दिलीप सिंह एडवोकेट, मांडू राम, बलबीर सिंह रेवाला, ओमप्रकाश, सतबीर सिंह, राज यादव एडवोकेट, सुरेश जांगड़ा, नेतराम, कमल सिंह, जगराम कालिया, महेंद्र सिंह, राकेश नंबरदार, राजेंद्र पंच, चंदगीराम, सुमेर सिंह गोठवाल, बाबूलाल व अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम की जानकारी जारीकर्ता कामरेड सुभाष चन्द्र एडवोकेट, प्रधान सावित्रीबाई फुले ज्योतिबा फुले फाउंडेशन, नारनौल द्वारा दी गई।




# नीमराना में होली का उल्लास: फूलों की होली और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।

**रमेशचंद** । मार्च कस्बे के होली टीबा मैदान में सोमवार को होली पर्व के अवसर पर श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक रंगों का मनोहारी संगम देखने को मिला। महिलाओं द्वारा विधि-विधान के साथ होली पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने



परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए पूजा-अर्चना की। इसके बाद लोकगीतों और फाग गीतों की मधुर प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। ढोलक की थाप और गीतों की गूंज से होली टीबा मैदान रंगों और उमंग से सराबोर नजर आया। आयोजकों ने बताया कि होलिका दहन रात्रि 1:30 बजे शुभ मुहूर्त में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुंडावर विधायक ललित यादव, नीमराना भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश खंडेलवाल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट वेदप्रकाश सैनी, उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद चर्खिया, उपाध्यक्ष संजय यादव, मीडिया प्रभारी प्रशांत शर्मा, जवाहर लाल सोनी, मातादीन जांगिड़, नोतराम मास्टर सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महेंद्र यादव उर्फ रामजी, देवेंद्र यादव, रामकिशन शर्मा, मधु शर्मा, रूबी चौधरी एवं रितु शर्मा की टीम ने आकर्षक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन कर्मपाल सिंह चौहान ने प्रभावी ढंग से किया। इस अवसर पर किशनलाल योगी, एडवोकेट प्राण सूख सैनी, एडवोकेट राजाराम बाबूजी, अशोक कुमार फॉरेस्टर, मुनीलाल, प्रदीप पार्षद, सत्येंद्र योगी, प्रकाश सैन, नंदराम सैनी, धाकड़ यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com